श्रीसिद्ध-चक्र-मण्डल-विधानम्

(संस्कृत)

संग्रहकर्ता तथा रचयिता

भट्टारक श्री शुभचन्द्रजी

सम्पादक

डॉ. सोनल कुमार जैन

प्रकाशक

निर्ग्रन्थ फाउण्डेशन, भोपाल

श्रीसिद्ध-चक्र-मण्डल-विधानम्

ISBN : 978-81-943516-1-0

पावन प्रेरणा – सन्त शिरोमणि आचार्य श्री १०८ विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्ग्रन्थ गौरव
मुनिश्री १०८ प्रमाणसागरजी महाराज

संग्रहकर्ता तथा रचयिता– भट्टारक श्री शुभचन्द्र जी

सम्पादक – डॉ. सोनल कुमार जैन

संस्करण – तृतीय, अक्टूबर २०२०

मूल्य – रु. २००/–

प्रकाशक – निर्ग्रन्थ फाउण्डेशन, भोपाल

मुद्रक – **विकास ऑफसेट प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स**
४५, सेक्टर–एफ, औद्योगिक क्षेत्र, गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.)
फोन : ०७५५–२६०१९५२, २६०२९५७, ९४२५००५६२४



अनुक्रमणिका

क्र.	विषय	पृष्ठ संख्या
१.	आशीर्वचन	५
२.	प्रास्ताविकम्	९
३.	विधान की विधि	२७
४.	मंगलाष्टक स्तोत्रम्	२९
५.	प्रारम्भिक क्रियाएँ	३२
६.	अभिषेक पाठ	३७
७.	शान्तिधारा	४४
८.	विनयपाठ	५२
९.	पूजापीठिका	५६
१०.	नवदेवता पूजन	६३

क्र.	विषय	पृष्ठ संख्या
११.	नन्दीश्वरद्वीप - पूजा	७१
१२.	सिद्धभक्ति	७८
१३.	श्रीसिद्ध-चक्र-मण्डल-विधानम्	८०
१४.	अर्घ्यावली	२४९
१५.	पुण्याहवाचन	२५८
१६.	शान्तिपाठ (संस्कृत)	२६१
१७.	विसर्जनपाठ (संस्कृत)	२६४
१८.	शान्तिपाठ (हिन्दी)	२६५
१९.	विसर्जनपाठ (हिन्दी)	२६८
२०.	परिशिष्ट	
	१. श्रीसिद्धचक्र मण्डल विधान का हिन्दी अर्थ	२६९
	२. श्रीसिद्धचक्र मण्डल विधान की प्रथमादि पूजाओं के अर्घ्य	३१७

आशीर्वचन

जैन परम्परा में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का विशेष महत्त्व है। इसे अष्टाह्निकी पूजा के रूप में भी जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि सिद्धचक्र विधान में समस्त पूजाएँ समाहित हो जाती हैं। भाव विशुद्धि के साथ इस विधान का अनुष्ठान करने से घर-गृहस्थी के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि गृहस्थ-जनों के जीवन भर में हुए ज्ञात-अज्ञात पापों के प्रायश्चित के लिए एक बार सिद्ध चक्र विधान अवश्य करना चाहिए। इसे सर्वसिद्धिदायी और मंगलकारी विधान के रूप में जाना जाता है। महासती मैना सुन्दरी द्वारा इस विधान के अनुष्ठान से अपने पति श्रीपाल का कुष्ठ मिटाने की कथा जगत्प्रसिद्ध है। यही कारण है कि आज प्रत्येक श्रावक अपने जीवन में कम से कम एक बार यह विधान करने का मनोभाव रखता है। सिद्धचक्र विधान का वाञ्छित लाभ लेने के लिए हमें इसका अर्थ और स्वरूप जानना भी अपेक्षित है।

सिद्ध- जो समस्त कर्म कलंक से मुक्त देहातीत परमात्मा हैं। चक्र का अर्थ है- समूह एवं मण्डल का आशय एक प्रकार के वृत्ताकार यन्त्र से है, जिसमें अनेक प्रकार के मन्त्रों एवं अक्षरों की स्थापना की जाती है। मन्त्र शास्त्र के अनुसार इसमें अनेक प्रकार की दिव्य शक्तियाँ प्रकट हो जाती हैं। कोशकारों के अनुसार मण्डल शब्द का अर्थ है- दिव्य शक्तियों के आह्वान के लिए तैयार किया गया एक गुप्त रेखाचित्र। विधान शब्द का अर्थ है- साधन या अनुष्ठान। यहाँ विधान का अर्थ एक ऐसे अनुष्ठान से है, जो हमारे इष्ट लक्ष्य की पूर्ति का साधन है। कुल मिलाकर

सिद्धचक्र महामण्डल विधान का अर्थ होगा विशिष्ट विधि-विधान से मन्त्र-आराधन के साथ मण्डल की रचनापूर्वक सिद्ध परमात्मा समूह की आराधना। इसमें मन्त्र-तन्त्र-यन्त्र तीनों का समावेश है। सिद्धचक्र मण्डल की स्थापना यन्त्र है। मन्त्राराधन इसमें समाहित है ही तथा आठ-सोलह आदि द्विगुणित क्रम से की जाने वाली पूजा एक प्रकार की तान्त्रिक प्रक्रिया है। अष्ट द्रव्य के माध्यम से अपनी भक्ति को प्रकाशित करना पूजा कहलाती है। पूजा के साथ जाप आदि अन्य प्रक्रियाओं के साथ विहित-विधि अनुसार किया जाने वाला अनुष्ठान विधान कहलाता है। मण्डल की संरचनापूर्वक होने वाला विधान मण्डलविधान कहा जाता है।

आजकल बहुत से विधानकर्ता २ या ४ दिनों में ही पूरा सिद्धचक्र विधान सम्पन्न करने लगे हैं, यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। सिद्धचक्र विधान अष्टाह्निकी पूजा है, इसे उसी विधान से ८ दिनों में ही करना चाहिए, तभी इसका वाञ्छित परिणाम मिल सकता है। इसके अतिरिक्त कुछ विधानकर्ता विधान तो ८ दिनों में ही करते हैं पर अन्त की दो पूजाओं को तोड़कर २ या ३ दिनों में करते हैं, यह भी अनुपयुक्त है। हमें विहित विधि के अनुसार ८ दिनों में क्रमशः ८ पूजाएँ सम्पन्न करनी चाहिए। इसी तरह मण्डल के अर्थ को न समझ पाने के कारण आज अधिकतर विधानकर्ताओं ने मण्डल को द्रव्य चढ़ाने का अधिष्ठान बना दिया है, यह भी ठीक नहीं है। हमें मण्डल के मूल अर्थ को समझते हुए बीजाक्षरों के माध्यम से सिद्धचक्र की संरचना करके ही आराधना करनी चाहिए, तभी उसकी सार्थकता होगी।



हिन्दी के स्थान पर संस्कृत में विधान का विशेष लाभ है क्योंकि संस्कृत भाषा में उच्चारण की शुद्धता से उसका ध्वनि-वैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है और पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा फैलती है। मन्त्रों के ९-९ बार उच्चारण से उसका अपना असर पड़ता है। सामूहिक रूप से इस तरह के आयोजन का अपना एक अनुपम वैशिष्ट्य है। विगत वर्षों में अनेक बार संस्कृत के सिद्धचक्र विधान में सम्मिलित होने का प्रसंग बना। मैंने स्वयं यह अनुभव किया है कि मूल संस्कृत के विधान में होने वाले मन्त्र उच्चारण से अतिशय भावविशुद्धि बढ़ती है। विधान में सम्मिलित होने वाले श्रावकों का भी यही अनुभव है। यही कारण है कि प्रतिवर्ष इस विधान की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है।

विगत वर्षों में संस्कृत की मुद्रित प्रति, जो इन्दौर से प्रकाशित है, के माध्यम से विधान कराया जाता रहा है। उसमें टङ्कणगत और भाषागत अनेक अशुद्धियाँ दृष्टिगोचर हुईं। ब्र. डी. राकेश, सागर, ब्र. डॉ. धर्मेन्द्र जैन, दिल्ली और डॉ. सोनल कुमार जैन, साहित्याचार्य, दिल्ली ने बड़े श्रमपूर्वक प्राचीन पाण्डुलिपियों के आधार पर इसे संशोधित किया है, उनका प्रयास और श्रम सराहनीय है। इसी तरह विकास ऑफसेट के संचालक श्री विकास गोधा ने भी अल्पावधि में ही इसे सुसज्जित करके प्रकाशित किया है, एतदर्थ उन सभी को मेरा बहुत-बहुत आशीर्वाद...।

- मुनि प्रमाणसागर



प्रास्ताविकम्

जैन श्रावकाचार परम्परा में जिनपूजन को आवश्यक कर्मों में परिगणित किया है। श्रावक की साधना में जिनपूजन का विशेष महत्त्व है क्योंकि श्रावक की भावशुद्धि के लिए जिनपूजन सरलतम उपाय है, इसलिए आचार्यों ने जिनपूजन को प्रथम आवश्यक के रूप में उल्लेख किया है। यथा–

देवपूजा गुरूपास्तिः स्वाध्यायः संयमस्तथा।
दानं चेति गृहस्थानां षट्कर्माणि दिने दिने॥

पद्मनन्दिपञ्चविंशतिका/६/७

आचार्य समन्तभद्रस्वामी के अनुसार जिनेन्द्रदेव की पूजन सर्वार्थसाधिका (सर्वप्रयोजनों को सिद्ध करने वाली) है। वे लिखते हैं –

देवाधिदेवचरणे परिचरणं सर्वदुःखनिर्हरणम्।
कामदुहि कामदाहिनि परिचिनुयादादृतो नित्यम्॥

रत्नकरण्डकश्रावकाचार/११९

अर्थात् भगवान् जिनेन्द्र की पूजन सभी दुःखों का नाश करने वाली, मनवाञ्छित फल



को देने वाली और पञ्चेन्द्रिय के विषयों की इच्छा को नष्ट करने वाली है। ऐसी जिनेन्द्रभगवान की पूजन श्रावक को प्रतिदिन करना चाहिए। पूजन जहाँ श्रावक के लौकिक प्रयोजनों की सिद्धि में सहायक है तो वहीं पारलौकिक लक्ष्य की प्राप्ति में भी परम्परा से साधक कारण है। आचार्यों ने जिनपूजन को उभयविधसुखदात्री माना है। तद्यथा–

इन्द्राणां तीर्थकर्तृणां केशवानां रथाङ्किनाम्।
सम्पदः सकलाः सद्यो जायन्ते जिनपूजया॥
धनं धान्यं महाभाग्यं सौभाग्यं राज्यसम्पदा।
पुत्रो मित्रं कलत्रं च सत्कुलं गोत्रमुत्तमम्॥
दीर्घायुर्दुगतेर्नाशो विनाशः पापसन्ततेः।
अभीष्ट-फल-सम्प्राप्तिर्मणि-मुक्ता-फलादिकम्॥
सम्यक्त्वं मुक्तिसद्बीजं भवभ्रमण-नाशकम्।
सद्विद्या सच्चरित्रं च सौख्यं स्वर्गापवर्गयोः॥

सर्वोपयोगी श्लोक संग्रह

अर्थात् जिनेन्द्र भगवान की पूजा से इन्द्र, तीर्थंकर, नारायण और चक्रवर्तियों की सकल सम्पत्तियाँ, धन-धान्य, महाभाग्य, सौभाग्य, राज्यसम्पदा, पुत्र, मित्र, पत्नी, उत्तम

कुल, उच्च गोत्र, दीर्घायु, दुर्गति का नाश, पाप-परम्परा का विनाश, मणि-मुक्ताफल आदि अभीष्ट फल की सम्प्राप्ति, मुक्ति का बीज रूप और भव-भ्रमण को नष्ट करने वाला सम्यग्दर्शन, सद्विद्या (सम्यग्ज्ञान), सच्चरित्र (सम्यक्चारित्र) एवं स्वर्ग-मोक्ष के सौख्य शीघ्र ही प्राप्त होते हैं।

जिनपूजन को नित्यकर्म के साथ ही नैमित्तिक कर्म भी माना है। आवश्यक के रूप में जिनपूजन नित्य कर्म है तो चतुर्मुख आदि के रूप में नैमित्तिक कर्म भी है। वस्तुतः जैनाचार्यों ने जिनपूजा के चार भेद किए हैं -

प्रोक्ता पूजाऽर्हतामिज्या सा चतुर्धा सदार्चनम्।
चतुर्मुखमहः कल्पद्रुमाश्चाष्टाऽह्निकोऽपि च॥

महापुराण /३८/२६

सदार्चन (नित्ममह), चतुर्मुखमह (सर्वतोभद्र), कल्पद्रुम और आष्टाह्निक ये चार प्रकार की पूजाएँ हैं। वीरसेन स्वामी ने इन्द्रध्वज पूजा को ऐन्द्रध्वजमहायज्ञ से अभिहित किया है। अन्य भी और पूजाएँ उपर्युक्त पूजाओं में अन्तर्गर्भित हैं।

(धवला - ८/३, ४२/९२/४) जै.सि.को. भाग-३-पृष्ठ-७४)

प्रकारान्तर से जिनागम में पूजा के नाम, स्थापना, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव ये छह

भेद भी प्राप्त होते हैं। पूजा को व्यवहार पूजा और निश्चय पूजा अथवा द्रव्यपूजा और भाव पूजा के भेद से दो प्रकार का भी कहा गया है।

यहाँ ध्यातव्य है कि द्रव्य पूजा पूर्वक ही भावपूजा की जाती है। हाँ, जिन मुनिराज आदि का सर्व-आरम्भ का त्याग है, उनके लिए मात्र भावपूजा का उल्लेख किया गया है। आजकल कुछ श्रावकगण अष्ट द्रव्य के बिना ही मात्र कुछ पंक्तियाँ (गद्य/पद्य रूप) बोलकर हमने भावपूजा कर ली ऐसा कथन करते हैं, वे पूजन के उद्देश्य से दिग्भ्रमित हैं। सर्व-आरम्भरहित मुनि आदि के लिए तो इस प्रकार की भाव पूजा उपादेय है किन्तु जो श्रावक अपनी दिनचर्या का बहुभाग आरम्भ में बिताता है; वह इस प्रकार से जिनभक्ति/जिनपूजा करे तो यह उसकी अकमर्ण्यता का प्रतिरूप है। अष्टद्रव्य पूर्वक द्रव्यपूजा के माध्यम से जिनेन्द्र भगवान् के गुणों में मन/भावों का लीन होना ही भावपूजा है। जैसा कि पूजा पाठ में कहा है-

द्रव्यस्य शुद्धिमधिगम्य यथानुरूपं
भावस्य शुद्धिमधिकामधिगन्तुकामः।
आलम्बनानि विविधान्यवलम्ब्य वल्गन्
भूतार्थयज्ञपुरुषस्य करोमि यज्ञम्॥



अर्थात् मैं अपनी शक्ति के अनुरूप द्रव्यशुद्धि को प्राप्त करके अधिक से अधिक भावशुद्धि की प्राप्ति की इच्छा वाला होकर विविध आलम्बनों का अवलम्बन लेकर श्रीजिनेन्द्र भगवान की पूजा करता हूँ। अत: श्रावक को अष्टद्रव्य के साथ द्रव्यपूजा करते हुए पूज्य के गुणानुवाद अथवा गुण-चिन्तन में लीन होना रूप भावपूजा करनी चाहिए।

जैनधर्म में नित्यपूजा के अनन्तर सर्वाधिक प्रचलित आष्टाह्निक पूजा है। अष्टाह्निका पर्व में स्वर्गों से देवता नन्दीश्वर द्वीप में जाकर विविध वाद्य यन्त्रों के साथ अविराम पूजन करते हैं। वर्तमान में अष्टाह्निका पर्व में श्रीसिद्धचक्र विधान का प्रचलन बहुतायत से है। पण्डित पन्नालाल जी साहित्याचार्य अपने शिष्यों से कहा करते थे कि आज से लगभग १०० वर्ष पूर्व सिद्धचक्रविधान के नाम पर उदकचन्दन.....आदि बोलकर थालों के थाल सामग्री चढ़ा दी जाती थी और यह मान लिया जाता था कि सिद्धचक्रविधान हो गया। बीसवीं सदी में विद्वानों की उपस्थिति में शनै: शनै: विधिवत् पूजन-विधान प्रारम्भ हुआ। मुनिराजों के आशीर्वाद और सान्निध्य से आज यह अपने चरम पर है। इसका सर्वाधिक श्रेय पं. सन्तलाल जी को जाता है; जिन्होंने मूल संस्कृत के सिद्धचक्रविधान का हिन्दी पद्यानुवाद करके उसको सरल और सर्वसाधारण को सुगम्य बना दिया।

आज से लगभग ३०० वर्ष पूर्व तक सभी पूजाएँ संस्कृत में ही उपलब्ध थीं और उसी रूप में की जाती थीं। संस्कृत पूजाओं का एक संस्करण सोलापुर से प्रकाशित हुआ था। ज्ञानपीठ पूजाञ्जलि के प्रारम्भिक संस्करण में भी संस्कृत की पूजाएँ प्रकाशित की गई थीं; जिनमें से देव-शास्त्र-गुरु की एकमात्र संस्कृत पूजा वर्तमान संस्करण में भी उपलब्ध है।

परमपूज्य सन्तशिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री १०८ विद्यासागर जी महाराज के यथानामगुणधारी परमपूज्य मुनिश्री १०८ प्रमाणसागर जी महाराज जैनदर्शन और सिद्धान्त के साथ-साथ प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश भाषा के अधिकारी विद्वान् हैं। उनका प्रत्येक कार्य प्रामाणिक और युक्तियुक्त होता है। मूल जैन वाङ्मय प्राकृत, संस्कृत और अपभ्रंश भाषा में निबद्ध है। पूजन-विधान की प्राचीन एवं मूल परम्परा संस्कृत-पूजा-विधान को पुनर्जीवित करने एवं पूजन-विधान की शक्ति को मूलरूप में अनुभव करते हुए उसके प्रभाव को जनसाधारण तक पहुँचाने के पावन उद्देश्य से पूज्य मुनिश्री की प्रेरणा से सर्वप्रथम २००९ में शाश्वत सिद्धक्षेत्र श्री शिखर जी के प्रांगण में स्थित गुणायतन परिसर में कार्तिक माह की अष्टाह्निका में मूल संस्कृत का सिद्धचक्र विधान आयोजित किया गया। इसके पश्चात् गुणायतन परिसर में ही सन् २०१२ की कार्तिक अष्टाह्निका में, सन् २०१४ की फाल्गुन और कार्तिक अष्टाह्निका में, सन् २०१५ में जयपुर में कार्तिक अष्टाह्निका में,



सन् २०१६ में दातारामगढ़ में फाल्गुन अष्टाह्निका में एवं सन् २०१७ में किशनगढ़ में फाल्गुन अष्टाह्निका में संस्कृत के श्रीसिद्धचक्र विधान का आयोजन मुनिसंघ के सान्निध्य में किया गया।

परमपूज्य मुनिश्री प्रमाणसागर जी महाराज के अनुसार श्रीसिद्धचक्रविधान में मूल बीजाक्षरों से युक्त मण्डल का निर्माण होना चाहिए। लौकिक वर्तमान में मण्डल को द्रव्य चढ़ाने का अधिष्ठान बना दिया गया है; इसलिए बीजाक्षरयुक्त मूल मण्डल की संरचना के साथ श्रीसिद्धचक्रविधान पूज्य मुनिश्री की प्रेरणा से प्रारम्भ हुए। शास्त्रों के अनुसार प्रत्येक गृहस्थ को अपने जीवन में एक बार श्रीसिद्धचक्र विधान अवश्य करना/कराना चाहिए लेकिन बहुत से श्रावक साधनाभाव के कारण यह कार्य नहीं कर पाते हैं। श्रावकों ने जब अपनी इस मनोव्यथा को पूज्य मुनिश्री प्रमाणसागर जी महाराज के समक्ष निवेदित किया तो उन्होंने उनकी समस्या के समाधान के रूप में बहुमण्डलीय श्रीसिद्धचक्रविधान की परिकल्पना को प्रस्तुत किया, जिससे कि एक ही आयोजन के माध्यम से अलग-अलग परिवारों को अलग-अलग मण्डलों पर विधान करने का सु-अवसर प्राप्त हो सके।

पूज्य मुनिश्री की इस विचारधारा को मूर्तरूप मिला सन् २०१८ के भीण्डर प्रवास के अन्तर्गत फाल्गुन माह की अष्टाह्निका में; जहाँ सर्वप्रथम २४ मण्डलीय श्रीसिद्धचक्रविधान

की घोषणा की गई। घोषणा के प्रथम दिन ही २४ से अधिक मण्डलों की स्वीकृति मिलने के कारण संख्या को २४ से बढ़ाकर ४८ किया गया और विश्वइतिहास में प्रथम बार ४८ मण्डलीय मूल संस्कृत के श्रीसिद्धचक्र विधान का आयोजन किया गया।

श्रीसिद्धचक्रमण्डल विधान में मण्डल का अपना महत्त्व है। दिव्य शक्तियों के आह्वान के लिए तैयार किया गया रेखाचित्र मण्डल कहलाता है, जो कि विशिष्ट शक्ति का पुञ्ज होता है। जब हम एक मण्डल की संरचना करते हुए उसमें बीजाक्षर स्थापित करते हैं तो उसका एकाकी प्रभाव होता है और जब अनेक मण्डलों की रचना की जाती है तो उसका प्रभाव भी संख्या के अनुपात में अनेक गुणा हो जाता है। बहुमण्डलीय श्रीसिद्धचक्र विधान में बैठने वाले सभी श्रावक जब समवेत स्वर में मन्त्र आदि का उच्चारण करते हैं तो वहाँ विशिष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। एक मण्डल की रचनापूर्वक विधान करने से एक ही स्थान पर शक्तिसंधारण होता है और अनेक मण्डलों की रचना करके विधान करने से कई गुना शक्ति-प्रवाह होता है; जो पूजन-विधान करने वाले श्रावकों के तन-मन और जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। बहुमण्डलीय विधान में प्रत्येक मण्डल पर बैठने वाले प्रत्येक व्यक्ति का व्यक्तिगत विधान सम्पन्न होता है और सामूहिक रूप से उत्पन्न ऊर्जा का सकारात्मक प्रभाव भी वह प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार बहुमण्डलीय श्रीसिद्धचक्र विधान की यह परम्परा श्रावकों के बहुविधहिताय और कल्याणार्थ है।

अनन्तचतुष्टय के ४ और सिद्धों के आठ गुणों के प्रतीक ८ अंकों की संख्या के अनुरूप ४८ मण्डलीय श्री सिद्धचक्रविधान की यह परम्परा भीण्डर से होती हुई रतलाम तक पहुँची; जहाँ २०१८ में कार्तिक माह की अष्टाह्निका में ४८ मण्डलीय श्रीसिद्धचक्र मण्डल विधान का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् श्री सिद्धक्षेत्र बावनगजा की सिद्धभूमि पर सन् २०१९ में फाल्गुन माह की अष्टाह्निका में ६४ ऋद्धियों के प्रतीक स्वरूप ६४ मण्डलीय विधान का आयोजन हुआ। इस विधान में श्रावकों की संख्या अधिक होने एवं उनके आग्रह को देखते हुए आगामी कार्तिक माह की अष्टाह्निका में विश्व इतिहास में प्रथम बार ८४ मण्डलीय श्रीसिद्धचक्रविधान का आयोजन होने जा रहा है; जिसके निमित्त ही प्रकृत पुस्तक का प्रकाशन किया जा रहा है।

संस्कृत के सिद्धचक्र विधान का एक प्राचीन संस्करण श्रीमन्त सर सेठ हुकुमचन्द जी साहब के परिवार की ओर से संवत् २४७० में इन्दौर से प्रकाशित कराया गया था। सन् २००९ में प्रथम बार संस्कृत का सिद्धचक्र विधान करने के लिए इसी संस्करण की स्कैन प्रति प्रकाशित कराई गईं।

संस्कृत के सिद्धचक्र विधान का एक अन्य संस्करण आचार्यश्री विमलसागर जी महाराज के सदुपदेश से श्रीमान् रायसाहब डॉ. नेमीचन्द्र जैन, जलेसर (एटा) द्वारा वीर

निर्वाण संवत् २४९७ तदनुसार ईसवी सन् १९७१ में प्रकाशित हुआ था। उपर्युक्त संस्करण और इस संस्करण में मन्त्र आदि प्राय: समान ही हैं। वैशिष्ट्य मात्र इतना है कि इस संस्करण में विधान के अर्घ्यों के साथ-साथ संस्कृत के श्लोक भी दिए गए हैं।

सन् २००९ से जब निरन्तर संस्कृत का विधान किया जाने लगा तो स्कैन प्रति में बहुतायत में टंकणगत, विषयगत एवं भाषागत अशुद्धियाँ पाठकों को ज्ञात हुईं, जिनको दूर करने के लिए विधान में बैठने वाले श्रावको ने मुनिश्री निवेदन किया।

मुनिश्री स्वयं भी इस बात को अनुभव कर चुके थे और अनेक अशुद्धियों को रेखांकित करके उनके सम्भावित शुद्धपाठ भी निश्चित कर चुके थे किन्तु उनका प्रमाणीकरण किया जाना अपेक्षित और आवश्यक था। इसलिए श्रावकों के निवेदन पर इस संस्करण का संशोधन करके पुन: प्रकाशित करने की योजना बनाई गई। इसके लिए आवश्यक था विधान के मूल संस्कृत पाठों की अशुद्धियों का परिमार्जन करके पाठों का प्रमाणीकरण करना। रतलाम चातुर्मास के बाद कार्तिक की अष्टाह्निका में आयोजित विधान में उपस्थित रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विधान पढ़ते समय मुझे भी अशुद्धियाँ दृष्टिगोचर हुईं तो मैं उनको तात्कालिक रूप से शुद्ध करता रहा। जब मैंने इस बारे में मुनिश्री



से चर्चा की तो उन्होंने इसके शुद्धीकरण की बात कही और फिर विचार बना एक विद्वत्संगीति बुलाकर वाचनापूर्वक पाठ-संशोधन का।

पाठ संशोधन के लिए सिद्धायतनप्रणेता, बहुश्रुतज्ञ, निस्पृहवृत्तिक नैष्ठिकश्रावकाचारपरायण ब्र. डी राकेश भैया जी के अथक प्रयासों से पाण्डुलिपियाँ एकत्रित की गईं, जिनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है-

(१) श्री दि.जैन मन्दिर, भानपुरा से प्राप्त एवं श्री अनेकान्त ज्ञानमन्दिर, बीना में संरक्षित श्री श्रुतसागर सूरि कृत 'श्री सिद्धचक्राष्टक टीका' (पाण्डुलिपि काल संवत् १५७३) है।

(२) श्री दि.जैन मन्दिर, अजमेर से प्राप्त एवं श्री अनेकान्त ज्ञान मन्दिर, बीना में संरक्षित 'सिद्धचक्रविधान' जिसका पाण्डुलिपि काल विक्रमसंवत् १९४१ है।

(३) यह पाण्डुलिपि ५६ पत्रीय है, जो अनेकान्त ज्ञान मन्दिर बीना से प्राप्त हुई थी। इसमें पाण्डुलिपि का परिचय नहीं दिया गया है।

(४) यह ५८ पत्रीय पाण्डुलिपि है , जो वीर नि. संवत् १९४९ की है, यह भी अनेकान्त ज्ञान मन्दिर बीना से प्राप्त हुई।

(५) ४८ पत्रीय पाण्डुलिपि अपूर्ण है।

(६) श्री दि.जैन मन्दिर, अजमेर से प्राप्त ६३ पत्रीय पाण्डुलिपि है, जो श्री अनेकान्त ज्ञान मन्दिर बीना में संरक्षित है।

(७) श्री अनेकान्त ज्ञान मन्दिर, बीना से प्राप्त इस पाण्डुलिपि की प्रशस्ति के अनुसार सम्वत् १९४१ मिति वैशाख सुदी अष्टमी को श्री मन्दिर जी केन कारखाने से प्राप्त है, जिसके लेखक इन्द्रदत्तरतूड़ी हैं, यह ५८ पत्रीय है।

(८) श्री सिद्धक्षेत्र सिद्धवरकूट से प्राप्त यह ५३ पत्रीय पाण्डुलिपि है। यह सुस्पष्ट और पूर्ण पर जीर्ण है। इसे भाई गजमल जी सेठी, बड़वाह निवासी ने सरस्वती भण्डार में पधराया था। इसका काल वीर निर्वाण संवत् १९८० है।

प्रकाशित संस्करण और पाण्डुलिपियों के मिलान करने पर कई अशुद्धपाठों को संशोधित करके शुद्ध किया गया, जिनमें से कुछ उदाहरणार्थ प्रस्तुत हैं –

अशुद्ध पाठ	संशोधित शुद्ध पाठ
रसपूर्णगर्मैः	रसपूर्णगर्भैः
नारङ्गपूगकदली-फल-मातुलिंगैः	नारङ्गपूगकदली-फल-नारिकेलैः
सूक्ष्मस्वभाव-परमं यदन्तवीर्यम्	सूक्ष्मस्वभाव-परमं जननार्तिवीतम्।
विनाशंति	विणासंति (प्राकृतरूप)
अव्वाह	अव्वावाह
याजयेद्भक्तिमानसः	यजते भक्तिमानसौ (पाठान्तर)
तन्दुलैः	तण्डुलैः
सद्गन्धाक्षत....	वार्गन्धाक्षत....
निचितमनुसभं	निचितमनुपमं
पाठकाश्रवविनाशाय	पाठकास्रवविनाशाय
दृग्बोधबृतादि	दृग्बोधवृत्तादि
संसारवाद्यपहं	संसारबाधापहं
सन्नव्यपर्यापहम्	सम्पन्नपर्यापहम्

भोत्क्रे नमः	भोक्त्रे नमः
विश्वमृषे	विश्वभृते
विश्वासिने	विश्वाशिषे
विभावाय	विभवाय
अव्यक्तवाचे	व्यक्तवाचे
प्रणयाय	प्रणताय
चतुर्वक्ताय	चतुर्वक्त्राय
सुस्थिताय	सुस्थिराय
अजय्याय	अजर्याय
प्रवत्क्रे	प्रवक्त्रे
अप्राकृताय	प्राकृताय
अनन्तकृते	अन्तकृते
असंस्कृतसंस्कृताय	असंस्कृतसंस्काराय
अभ्यग्र्याय	अभ्यग्राय
सिद्धशासनाय	सिद्धसाधनाय
पृष्ठाय	प्रष्ठाय

इसके अतिरिक्त चतुर्थपूजा और षष्ठपूजा के प्रत्येकमन्त्रों का शुद्धीकरण और परिमार्जन किया गया है। पूर्व संस्कृत-संस्करणों एवं हिन्दी विधान की पुस्तकों में कहीं-कहीं जाप्य मंत्र में '**ॐ ह्रीं अर्हं अ सि अ उ सा नमः**' इस प्रकार '**अर्हं**' शब्द का प्रयोग हुआ है जबकि संस्कृत विधान की किसी भी पाण्डुलिपि में '**अर्हं**' शब्द नहीं है अतः जाप्यमन्त्र में '**अर्हं**' शब्द को नहीं रखा गया है। इस प्रकार अनेकानेक युक्तियुक्त और प्रामाणिक संशोधनों के साथ श्रीसिद्धचक्रविधान के मूल संस्कृत पाठ का संशोधित संस्करण तैयार किया गया है।

इस संशोधित संस्करण को तैयार करने के लिए परम पूज्य मुनिश्री १०८ प्रमाणसागर जी महाराज एवं मुनिश्री १०८ विराटसागर जी महाराज के सान्निध्य में श्री सिद्धक्षेत्र बावनगजा में परमादरणीय ब्र.डी.राकेश भैया जी सिद्धायतन, सागर, डॉ धर्मेन्द्र जैन, दिल्ली एवं डॉ. सोनल कुमार जैन, साहित्याचार्य, दिल्ली की उपस्थिति में पाण्डुलिपियों की वाचना की गई। विधान के एक-एक शब्द और मन्त्रों के एक-एक अक्षर पर गहन विचारविमर्श एवं तर्क, युक्ति और आगम के परिप्रेक्ष्य में उनकी समीचीनता का निर्धारण करते हुए संशोधित पाठ तैयार किया गया। संशोधित प्रति तैयार होने के बाद स्खलन एवं

मुद्रण आदि दोषों के परिमार्जन हेतु विद्वानों के द्वारा पुनः वाचना करके प्रस्तुत प्रति को प्रकाशन हेतु प्रेषित किया गया। इस प्रकार मूल संस्कृत के श्रीसिद्धचक्र विधान का प्रामाणिक संस्करण अपने इस रूप में श्रावकों के हाथों तक पहुँच सका है।

श्रीसिद्धचक्र विधान को मूल संस्कृत रूप में करने से क्या लाभ है ? और यह हिन्दी के विधान से मिलता-जुलता है या अलग है ? यह प्रश्न भी कई बार मेरे समक्ष उपस्थित हुआ है। यहाँ यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि संस्कृत का विधान मूल विधान है और हिन्दी का विधान उसका हिन्दी पद्यानुवाद है। संस्कृत और हिन्दी के विधानों में मन्त्र प्रायः समान ही हैं और विधान करने की विधि भी समान ही है तथापि संस्कृत के विधान में कुछ वैशिष्ट्य है। तद्यथा-

* संस्कृत का विधान करने से मूल परम्परा का संरक्षण और पोषण होता है।
* संस्कृत -शब्दों के श्रवण से भावशुद्धि अधिक होती है।
* संस्कृत शब्दों के उच्चारण से भाषागत दोष दूर होते हैं।
* संस्कृत शब्दों के उच्चारण में तालु, कण्ठ आदि का परिस्पन्दन होने से उनकी शुद्धि होती है।

* संस्कृत भाषा के माध्यम से भक्ति करने से भगवान के प्रति श्रद्धा-समर्पण सुदृढ़ होता है।
* संस्कृत के विधान में पूजन-विधान के प्रति बहुमान बढ़ता है।
* संस्कृत शब्दों के उच्चारण एवं ध्वनिश्रवण करने से वैचारिक दोष दूर होते हैं और मानसिक शान्ति का अनुभव होता है।
* संस्कृत विधान के माध्यम से उत्पन्न होने वाली सकारात्मक ऊर्जा का परिमाण और प्रभाव हिन्दी के विधान की अपेक्षा अधिक होता है।

इस प्रकार मूल संस्कृत का श्रीसिद्धचक्र विधान श्रावक की भावशुद्धि, मानसिक शान्ति एवं सकारात्मक परिवर्तन में सहायक एवं परमोपकारी है, अत: अपेक्षित साधन जुटाकर मूल संस्कृत विधान करने का प्रयास करना चाहिए।

इस संस्करण को इस रूप में प्रस्तुत करने में परमोपकारी ब्र. डी. राकेश भैया जी, डॉ. धर्मेन्द्र जी दिल्ली का चिर ऋणी रहूँगा, जिनके अथक प्रयासों से यह बहुश्रमसाध्य एवं कष्टसाध्य कार्य सिद्ध हो सका है। यद्यपि उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापन करना उनके श्रम और प्रयासों का अवमूल्यन होगा तथापि लोकव्यवहार के पालन हेतु उनको कोटिश: धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

इस कृति को इस रूप में मुद्रित और सज्जित करके प्रस्तुत करने में 'विकास ऑफसेट' के स्वामी श्री विकास गोधा एवं उनके पूरे समूह को भी धन्यवाद एवं साधुवाद देता हूँ; जिन्होंने पुस्तक को आकर्षक बनाने का सार्थक और सफल पुरुषार्थ किया है।

अस्तु; पुस्तक में जो कुछ प्रशंसनीय है; वह परमपूज्य मुनिश्री १०८ प्रमाणसागर जी महाराज का आशीर्वाद एवं उपर्युक्त विद्वानों के श्रम का सुफल है एवं जो कुछ त्रुटियाँ रह गई हैं, वे मेरे अज्ञान एवं प्रमाद की अवाञ्छित परिणतियाँ हैं, जिनके लिए पाठक मात्र से क्षमा याचना करता हूँ। विज्ञजनों से विनम्र निवेदन है कि वे पुस्तक में शेष रही त्रुटियों से अवश्य अवगत कराएँ, जिससे कि आगामी संस्करणों में उनका परिमार्जन किया जा सके।

पाठक गण एवं विधान में बैठने वाले श्रावकों की भावशुद्धि में यदि प्रस्तुत कृति सहायक बन पड़ी तो अपना श्रम सार्थक समझूँगा।

गुरुचरण चञ्चरीक

डॉ. सोनल कुमार जैन, साहित्याचार्य

मूल संस्कृत सिद्धचक्रविधान की विधि



मूल संस्कृत सिद्धचक्र विधान कैसे करना चाहिए और इसकी विधि क्या है ? सामान्य श्रावकों के साथ-साथ विधानाचार्यों के मन में भी यह जिज्ञासा है, अत: उसकी संक्षिप्त विधि यहाँ पर दी जा रही है, जो इस प्रकार है-

* सर्वप्रथम मंगलाष्टक आदि प्रारम्भिक क्रियाओं पूर्वक श्री जिनबिम्ब-अभिषेक, शान्तिधारा करना चाहिए।
* तत्पश्चात् नित्य नियम पूजन करते हुए विधान की प्रतिज्ञा रूप में सिद्धभक्ति पढ़ना चाहिए।
* सिद्धभक्ति के उपरान्त 'ऊर्ध्वाधोरयुतं...' इत्यादि छन्द पढ़कर यन्त्रोद्धार करना चाहिए।
* इसके पश्चात् 'निरस्तकर्मसम्बन्धं...' इत्यादि श्लोक पढ़कर यन्त्र स्थापना और उसमें अकारादि मातृका-वर्णों एवं बीजाक्षरों की क्रमश: पूर्व आदि आठ दिशाओं में स्थापना करना चाहिए।
* इसके बाद '**ॐ ह्रीं अ सि आ उ सा नम:**' इस मन्त्र की एक पूर्ण जाप करना चाहिए।
* जाप करने के उपरान्त 'ऊर्ध्वाधोरयुतं...' इत्यादि छन्द पढ़ते हुए पुष्पाञ्जलि क्षेपण करना चाहिए।



* इसके पश्चात् अष्टाह्निक के आठ दिनों में ८, १६, ३२ आदि क्रम में प्रतिदिन एक-एक पूजा जल-चन्दनादि अष्टद्रव्यों से करना चाहिए।
* पूजन के उपरान्त अर्घ्यावली के मन्त्रों का अष्ट-द्रव्य के प्रतीक स्वरूप प्रत्येक मन्त्र का आठ बार उच्चारण करके नौवी बार में मन्त्र के पश्चात् **'जलाद्यर्घ्यं निर्वपामीति'** यह बोलकर अर्घ्य समर्पित करना चाहिए। इस प्रकार अष्टद्रव्यों से प्रतीकात्मक पूजा सम्पन्न होती है।
* इस प्रकार प्रतिदिन की पूजन सम्पन्न होने के उपरान्त पुन: **'ॐ ह्रीं अ सि आ उ सा नमः'** इस मन्त्र का १०८ बार जाप करना चाहिए।
* जाप के उपरान्त जयमाला पढ़कर पूर्णार्घ्य समर्पित करना चाहिए।
* जयमाला के उपरान्त अर्घ्यावली, महार्घ्य, शान्तिपाठ एवं विसर्जन करना चाहिए।
* श्रीसिद्धचक्र विधान के मण्डल पर पुस्तक में दिए गए मण्डल के अनुरूप मातृका वर्णों की मूलरूप में स्थापना अवश्य करनी चाहिए, इसके बिना सिद्धचक्र मण्डल और सिद्धचक्रमण्डल विधान अपूर्ण है।
* मण्डल की सरंचना में सिद्धचक्र के बीजाक्षर और मातृका वर्णों की स्थापना की जाती है अत: मण्डल पर श्रीजिनबिम्ब को स्थापित नहीं करना चाहिए। श्रीजिनबिम्ब को पृथक् रूप से स्थायी/अस्थायी वेदी में ही विराजमान करना चाहिए।

मंगलाष्टक स्तोत्रम्

अर्हन्तो भगवन्त इन्द्रमहिताः सिद्धाश्च सिद्धीश्वराः
आचार्या जिनशासनोन्नतिकराः पूज्या उपाध्यायकाः।
श्रीसिद्धान्तसुपाठका मुनिवराः रत्नत्रयाराधकाः
पञ्चैते परमेष्ठिनः प्रतिदिनं कुर्वन्तु ते मंगलम्।। १।।

श्रीमन्नम्र - सुरासुरेन्द्र - मुकुट - प्रद्योत - रत्नप्रभा-
भास्वत्पाद-नखेन्दवः प्रवचनाम्भोधीन्दवः स्थायिनः।
ये सर्वे जिन - सिद्ध-सूर्यनुगतास्ते पाठकाः साधवः
स्तुत्या योगिजनैश्च पञ्चगुरवः कुर्वन्तु ते मंगलम्।। २।।

सम्यग्दर्शन - बोध - वृत्तममलं, रत्नत्रयं पावनं
मुक्तिश्री - नगराधिनाथ - जिनपत्युक्तोऽपवर्गप्रदः।
धर्मः सूक्तिसुधा च चैत्यमखिलं चैत्यालयं श्रयालयं
प्रोक्तं च त्रिविधं चतुर्विधममी कुर्वन्तु ते मंगलम्।। ३।।

नाभेयादिजिनाः प्रशस्त - वदनाः ख्याताश्चतुर्विंशतिः
श्रीमन्तो भरतेश्वर-प्रभृतयो ये चक्रिणो द्वादश।
ये विष्णु - प्रतिविष्णु लाङ्गलधराः सप्तोत्तरा विशतिः
त्रैकाल्ये प्रथितास्त्रिषष्टिपुरुषाः कुर्वन्तु ते मंगलम्।। ४।।

ये सर्वौषधि-ऋद्धयः श्रुतपसां वृद्धिंगताः पञ्च ये
ये चाष्टाङ्गमहानिमित्तकुशलाश्चाष्टौ वियच्चारिणः।
पञ्चज्ञानधरास्त्रयोऽपि बलिनो ये बुद्धिऋद्धीश्वराः
सप्तैते सकलार्चिता मुनिवराः कुर्वन्तु ते मंगलम्।। ५।।

ज्योतिर्व्यन्तर-भावनामरगृहे मेरौ कुलाद्रौ स्थिताः
जम्बू-शाल्मलि-चैत्य-शाखिषु तथा वक्षार-रूप्याद्रिषु।
इष्वाकार-गिरौ च कुण्डल-नगे द्वीपे च नन्दीश्वरे
शैले ये मनुजोत्तरे जिनगृहाः कुर्वन्तु ते मंगलम्।। ६।।

कैलासे वृषभस्य निर्वृतिमही वीरस्य पावापुरे
चम्पायां वसुपूज्यसज्जिनपतेः सम्मेदशैलेऽर्हताम्।

शेषाणामपि चोर्जयन्तशिखरे नेमीश्वरस्यार्हतो
निर्वाणावनयः प्रसिद्धविभवाः कुर्वन्तु ते मंगलम्।। ७।।

सर्पो हारलता भवत्यसिलता सत्पुष्पदामायते
सम्पद्येत रसायनं विषमपि प्रीतिं विधत्ते रिपुः।
देवा यान्ति वशं प्रसन्नमनसः किं वा बहु ब्रूमहे
धर्मादेव नभोऽपि वर्षति नगैः कुर्वन्तु ते मंगलम्।। ८।।

यो गर्भावतरोत्सवो भगवतां जन्माभिषेकोत्सवो-
यो जातः परिनिष्क्रमेण विभवो यः केवलज्ञानभाक्।
यः कैवल्यपुर - प्रवेश-महिमा सम्पादितः स्वर्गिभिः
कल्याणानि च तानि पञ्च सततं कुर्वन्तु ते मंगलम्।। ९।।

इत्थं श्रीजिन-मंगलाष्टकमिदं सौभाग्य-सम्पत्प्रदं
कल्याणेषु महोत्सवेषु सुधियस्तीर्थंकराणामुषः।
ये शृण्वन्ति पठन्ति तैश्च सुजनै-र्धमार्थ-कामान्विता
लक्ष्मीराश्रयते व्यपाय-रहिता निर्वाण-लक्ष्मीरपि।। १०।।

।। इति मंगलाष्टक-स्तोत्रम् ।।

विद्यासागर-विश्व-वन्द्य-श्रमणं भक्त्या सदा संस्तुवे
सर्वोच्चं यमिनं विनम्य परमं सर्वार्थसिद्धिप्रदं।
ज्ञानध्यान-तपोभि-रक्तमुनिपं विश्वस्य विश्वाश्रयं
साकारं श्रमणं विशालहृदयं सत्यं शिवं सुन्दरम्।।

जलशुद्धि मन्त्र

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पद्म-महापद्म-तिगिञ्छ-केसरि-महापुण्डरीक-पुण्डरीक-गंगासिन्धु-रोहिद्रोहितास्या-हरिद्धरिकान्ता-सीता-सीतोदा-नारीनरकान्ता-सुवर्णरूप्यकूला-रक्ता-रक्तोदा-क्षीराम्भोनिधिशुद्ध जलं सुवर्णघट-प्रक्षिप्तं नवरत्नगन्धाक्षत-पुष्पार्चितामोदकं पवित्रं कुरु कुरु झं झं झ्रौं झ्रौं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं सः स्वाहा इति मन्त्रेण जलपवित्रीकरणं करोमि।

(इस मन्त्र से जलशुद्धि करके पवित्र जल कलशों में भरें)



अमृत स्नान मन्त्र

ॐ ह्रीं अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षणि अमृतं स्त्रावय स्त्रावय सं सं क्लीं क्लीं ब्लूं ब्लूं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय हं सं झ्वीं क्ष्वीं हं सः स्वाहा।

(शरीर पर जल सिञ्चन कर शुद्धि करें)

पात्रशुद्धि मन्त्र

शोधये सर्व पात्राणि पूजार्थानपि वारिभिः।
समाहितो यथाम्नायं करोमि सकलीक्रियाम्।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते श्रीमते पवित्रतरजलेन पात्रशुद्धिं करोमि स्वाहा।

(पूजा के बर्तन चटाई आदि शुद्ध करें)

पूजाद्रव्य शुद्धि मन्त्र

ॐ ह्रीं अर्हं झ्रौं झ्रौं वं मं हं सं तं पं झ्वीं क्ष्वीं हं सः अ सि आ उ सा समस्ततीर्थ-पवित्र-जलेन शुद्धपात्र-निक्षिप्त-पूजा-द्रव्याणि शोधयामि स्वाहा।

(जल सिञ्चन कर पूजा-द्रव्य की शुद्धि करें)

चन्दन-तिलक-मन्त्र

पात्रेऽर्पितं चन्दनमौषधीशं शुभ्रं सुगन्धाहृच्चञ्चरीकम्।
स्थाने नवांके तिलकाय चर्च्यं न केवलं देहविकार-हेतोः।।

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः मम सर्वाङ्गशुद्धिं कुरु कुरु नव-तिलकं करोम्यहम्।

1. मस्तक, 2. शिखा, 3. ग्रीवा, 4. कान, 5. हृदय, 6. दोनों भुजाएँ, 7. कलाई, 8. नाभि और 9. पीठ इन नौ स्थानों पर तिलक लगावें।

श्री-मन्मन्दर-मस्तके शुचिजलैर्धोते सदर्भाक्षतैः
पीठे मुक्तिवरं निधाय रचितां त्वत्पादपद्मस्त्रजं।
इन्द्रोऽहं निज-भूषणार्थक-मिदं यज्ञोपवीतं दधे
मुद्रा-कङ्कण-शेखराण्यपि तथा जैनाभिषेकोत्सवे।।

ॐ ह्रीं इन्द्रोचिताभूषणानि अवधारयामि।

(हार, मुकुट, यज्ञोपवीत आदि धारण करें)

भूमि शुद्धि

ॐ ह्रीं महीपूतां कुरु कुरु ह्रूं फट् स्वाहा। (भूमि पर जलसिञ्चन करें)

ॐ ह्रीं श्रीं क्षीं भूः स्वाहा। (भूमि पर पुष्पक्षेपण करें)

दिग्बन्धन

(सभी दिशाओं में बन्द मुट्ठी से पुष्पक्षेपण करें)

ॐ ह्रां णमो अरिहंताणं ह्रां पूर्वदिशातः समागत-विघ्नान् निवारय निवारय मां एतान् सर्वान् च रक्ष रक्ष ह्रूं फट् स्वाहा।

ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं दक्षिणदिशातः समागत-विघ्नान् निवारय निवारय मां एतान् सर्वान् च रक्ष रक्ष ह्रूं फट् स्वाहा।

ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं पश्चिमदिशातः समागत-विघ्नान् निवारय निवारय मां एतान् सर्वान् च रक्ष रक्ष ह्रूं फट् स्वाहा।

ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं उत्तरदिशातः समागत-विघ्नान् निवारय निवारय मां एतान् सर्वान् च रक्ष रक्ष ह्रूं फट् स्वाहा।

ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः सर्वदिशातः समागत-विघ्नान् निवारय निवारय मां एतान् सर्वान् च रक्ष रक्ष ह्रूं फट् स्वाहा।

परिचारक मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते सर्वं रक्ष रक्ष ह्रूं नमः स्वाहा (सात बार)

रक्षा मन्त्र

ॐ ह्रूं क्ष्रूं फट् किरिटिं किरिटिं घातय घातय परविघ्नान् स्फोटय स्फोटय सहस्त्रखण्डान् कुरु कुरु परमुद्रां छिन्द छिन्द परमन्त्रान् भिन्द भिन्द क्ष्रां क्ष्रः वः वः ह्रूं फट् स्वाहा।

(स्वयं के ऊपर पुष्प क्षेपण करें)

शान्ति मन्त्र

ॐ नमोऽर्हते भगवते प्रक्षीणाशेषदोष-कल्मषाय दिव्य-तेजोमूर्तये नमः श्रीशान्तिनाथाय शान्ति-कराय सर्वविघ्न-प्रणाशनाय सर्व-रोगापमृत्यु-विनाशनाय सर्व-परकृतक्षुद्रोपद्रव-विनाशनाय सर्व क्षामडामरकृतविघ्न-विनाशनाय सर्वारिष्ट-शान्तिकराय ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः सर्वशान्तिं तुष्टिं पुष्टिं च कुरु कुरु स्वाहा।

(विश्वशान्ति की भावनापूर्वक सभी दिशाओं में पुष्प क्षेपण करें)

माघनन्दिमुनिकृताभिषेक-पाठ

श्रीमन्-नता-मर-शिरस्तट-रत्न-दीप्ति-
तोयाव-भासि-चरणाम्बुज-युग्म-मीशम्।
अर्हन्त-मुन्नत-पद-प्रद-माभि-नम्य
तन्मूर्ति-षूद्य-दभिषेक-विधिं करिष्ये।।

अथ पौर्वाह्णिकदेव-वन्दनायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्म-क्षयार्थं भावपूजावन्दना-स्तव-समेतं श्रीपञ्चमहागुरु-भक्त्यर्थं कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

(यह पढ़कर नौ बार णमोकार मन्त्र पढ़ें)

याः कृत्रिमास्-तदितराः प्रतिमा जिनस्य
संस्नापयन्ति पुरुहूत-मुखा-दयस्ताः।
सद्भाव-लब्धि-समयादि-निमित्त-योगात्
तत्रैव-मुज्ज्वल-धिया कुसुमं क्षिपामि।।

ॐ ह्रीं अभिषेक-प्रतिज्ञार्थं पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।



श्रीपीठक्लृप्ते विशदाक्षतौघैः श्रीप्रस्तरे पूर्ण-शशांक-कल्पे।
श्रीवर्तके चन्द्रमसीति वार्तां सत्यापयन्तीं श्रियमालिखामि।।

ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकारलेखनं करोमि।

कनकाद्रि - निभं कम्रं पावनं पुण्य-कारणम्।
स्थापयामि परं पीठं जिनस्नपनाय भक्तितः।।

ॐ ह्रीं श्रीपीठस्थापनं करोमि।

भृङ्गार-चामर-सुदर्पण-पीठ-कुम्भ-
तालध्वजा-तप-निवारक-भूषिताग्रे।
वर्धस्व नन्द जय पाठ-पदा-वलीभिः
सिंहासने जिन! भवन्त-महं श्रयामि।।

वृषभादि-सुवीरान्तान् जन्माप्तौ जिष्णुचर्चितान्।
स्थापयाम्यभिषेकाय भक्त्या पीठे महोत्सवे।।

ॐ ह्रीं श्रीधर्मतीर्थाधिनाथ! भगवन्निह स्नपनपीठे सिंहासने तिष्ठ तिष्ठ।

श्रीतीर्थकृत्स्नपन-वर्य-विधौ सुरेन्द्रः
क्षीराब्धि-वारिभि-रपूरय-दुद्घ-कुम्भान्।
याँस्तादृशा-निव विभाव्य यथार्हणीयान्
संस्थापये कुसुम-चन्दन-भूषि-ताग्रान्।।

शातकुम्भीय-कुम्भौघान् क्षीराब्धेस्-तोय-पूरितान्।
स्थापयामि जिनस्नान-चन्दनादि-सुचर्चितान्।।

ॐ ह्रीं स्वस्तये चतुःकोणेषु चतुःकलशस्थापनं करोमि।

आनन्द - निर्भर - सुर - प्रमदादि - गानै-
र्वादित्र - पूर - जय - शब्द - कलप्रशस्तैः।
उद्गीय - मान - जगती - पति - कीर्ति - मेनां
पीठस्थलीं वसु - विधार्चन - योल्लसामि।।

ॐ ह्रीं स्नपनपीठ-स्थिताय जिनाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म - प्रबन्ध - निगडै - रपि हीन - ताप्तं
ज्ञात्वापि भक्ति - वशतः परमादि - देवम्।



त्वां स्वीय - कल्मष - गणोन्मथनाय देव!
शुद्धोदकै - रभिनयामि महा-भिषेकम्।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं झं झं झ्वीं झ्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतर-जलेन जिनमभिषेचयामीति स्वाहा।

तीर्थोत्तम - भवै-र्नीरैः क्षीर - वारिधि - रूपकैः।
स्नापयामि सुजन्माप्तान् जिनान् सर्वार्थसिद्धिदान्।।

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरान्तान् जलेन स्नापयामीति स्वाहा।

सकल भुवननाथं तं जिनेन्द्रं सुरेन्द्रै -
रभिषव - विधिमाप्तं स्नातकं स्नापयामः।
यदिभषवन - वारां बिन्दुरेकोऽपि नृणां
प्रभवति हि विदधातुं भुक्तिसन्मुक्तिलक्ष्मीम्।।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं झं झं झ्वीं झ्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं झं झ्वीं क्ष्वीं हं सः झं वं ह्रः यः सः क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः क्ष्वीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रों ह्रौं ह्रं ह्रः ह्रीं द्रां द्रीं नमोऽर्हते भगवते श्रीमते ठः ठः इति बृहच्छान्ति-मन्त्रेणाभिषेकं करोमि। (यहाँ समयानुसार शान्तिधारा करना चाहिए)

पानीय - चन्दन - सदक्षत - पुष्प - पुञ्ज-
नैवेद्य - दीपक - सुधूप - फलव्रजेन।
कर्माष्टक - क्रथन - वीर - मनन्तशक्तिं
सम्पूजयामि महसा महसां निधानम्।।

ॐ ह्रीं अभिषेकान्ते वृषभादिवीरान्तेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

हे तीर्थपा! निज-यशो-धवली-कृताशाः
सिद्धौषधाश्च भव-दुःख-महागदानाम्।
सद्भव्यहृज्जनित-पङ्कक-बन्ध कल्पाः
यूयं जिनाः सतत शान्तिकरा भवन्तु।।

(शान्त्यर्थं पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

नत्वा मुहु - र्निज-करै - रमृतोप - मेयैः
स्वच्छै - र्जिनेन्द्र तव चन्द्र-करावदातैः।
शुद्धांशुकेन विमलेन नितान्तरम्ये
देहे स्थितान् जलकणान् परिमार्जयामि।।

ॐ ह्रीं अमलांशुकेन जिनबिम्बपरिमार्जनं करोमि।

स्नानं विधाय भवतोऽष्ट-सहस्त्रनाम्ना-
मुच्चारणेन मनसो वचसो विशुद्धिम्।
जिघृक्षुरिष्टमिन तेऽष्ट - तयीं विधातुं
सिंहासने विधिवदत्र निवेशयामि।।

श्री ह्रीं सिंहासनपीठे जिनबिम्बं स्थापयामि।

जल गन्धाक्षतैः पुष्पैश्चरुदीप-सुधूपकैः।
फलैरर्घ्यै-र्जिनमर्चे जन्म-दुःखापहानये।।

ॐ ह्रीं पीठस्थितजिनाय नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

नत्वा परीत्य निजनेत्र-ललाटयोश्च
व्याप्तं क्षणेन हरतादघ-सञ्चयं मे।
शुद्धोदकं जिनपते! तव पादयोगाद्
भूयाद् भवातपहरं धृतमादरेण।।

मुक्तिश्री-वनिता-करोदकमिदं पुण्यांकुरोत्पादकं
नागेन्द्र-त्रिदशेन्द्र-चक्र-पदवी-राज्याभिषेकोदकम्।
सम्यग्ज्ञान - चरित्र - दर्शनलता - संवृद्धि - सम्पादकं
कीर्ति-श्रीजयसाधकं तव जिन स्नानस्य गन्धोदकम्।।

ॐ ह्रीं श्रीजिन-गन्धोदकं स्वललाटे धारयामि।

इमे नेत्रे जाते सुकृतजलसिक्ते सफलिते
ममेदं मानुष्यं कृतिजन-गणादेय-मभवत्।
मदीयाद् - भल्लाटादशुभतर - कर्माटन-मभूत्
सदेदृक् पुण्यौघो मम भवतु ते पूजन-विधौ।। (पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

सिद्धयन्त्रस्थापना

मध्ये तेजः ततः स्याद्-वलयमथ धनुः-संख्यकोष्ठेषु पञ्च
पूज्यान्संस्थाप्य वृत्ते तत उपरितने द्वादशाम्भोरुहाणि।
तत्रस्यु-र्मंगलान्युत्तमशरणपदान् पञ्चपूज्यान् महर्षीन्
धर्मप्रख्याति-भाजः त्रिभुवनपतिना वेष्टयेदं कुशाढ्यम्।।

ॐ ह्रीं स्नपनपीठे सिद्धयन्त्रं स्थापयामि।

सिद्धयन्त्राभिषेक

स्नात्वा शुभाम्बरधरः कृतस्वान्तगुप्तिः यन्त्रं निवेश्य शुचिपीठवरेऽभिषिञ्चेत्।
ॐ भूर्भुवः-स्वरिह मंगलयन्त्रमेतत् विघ्नौघवारकमहं परिषिञ्चयामि।।

ॐ भूर्भुवःस्वरिह विघ्नौघवारकं यन्त्रं वयं परिषिञ्चयामः।

(इस पद्य और मन्त्र को पढ़कर यन्त्राभिषेक करें)



शान्तिधारा

ॐ नमः सिद्धेभ्यः श्रीवीतरागाय नमः ह्रीं णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं। चत्तारि मंगलं अरिहंता मंगलं सिद्धा मंगलं साहू मंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं। चत्तारि लोगुत्तमा अरिहंता लोगुत्तमा सिद्धा लोगुत्तमा साहू लोगुत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो चत्तारि सरणं पव्वज्जामि अरिहंते सरणं पव्वज्जामि सिद्धे सरणं पव्वज्जामि साहू सरणं पव्वज्जामि केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि। ॐ ह्रीं अनादिमूलमन्त्रेभ्यो नमः सर्वशान्तिं तुष्टिं पुष्टिं च कुरु कुरु।

ॐ नमोऽर्हते भगवते प्रक्षीणाशेषदोषकल्मषाय दिव्यतेजोमूर्तये नमः श्रीशान्तिनाथाय शान्तिकराय सर्वविघ्नप्रणाशनाय सर्वरोगापमृत्युविनाशनाय सर्वपरकृतक्षुद्रोपद्रवविनाशनाय सर्वक्षाम-डामर-विघ्न-विनाशनाय ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः सर्वशान्तिं तुष्टिं पुष्टिं च कुरु कुरु।

ॐ ह्रूं क्ष्रूं फट् किरिटं किरिटिं घातय घातय पर विघ्नान् स्फोटय स्फोटय सहस्त्रखण्डान् कुरु कुरु परमुद्रां छिन्द-छिन्द परमन्त्रान् भिन्द-भिन्द क्षां: क्षः वः वः ह्रूं फट् सर्वशान्तिं कुरु कुरु।



ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं अर्हं अ सि आ उ सा अनाहतविद्यायै णमो अरिहंताणं ह्रौं सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ अ ह्रां सि ह्रीं आ ह्रूं उ ह्रौं सा ह्रः जगदापद्विनाशनाय ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय अशोकतरु-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय अशोकतरु-सत्प्रातिहार्यशोभन-पदप्रदाय ह्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रवशान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय सुरपुष्पवृष्टि-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय सुरपुष्पवृष्टि-सत्प्रातिहार्यशोभन-पदप्रदाय भ्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रव-शान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय दिव्यध्वनि-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय दिव्यध्वनि-सत्प्रातिहार्य-शोभनपद-प्रदाय म्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रवशान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय चामरोत्तोलन-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय चामरोत्तोलन-

सत्प्रातिहार्य-शोभन-पदप्रदाय र्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रव-शान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय सिंहासन-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय सिंहासन-सत्प्रातिहार्यशोभन-पदप्रदाय घ्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रवशान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय भामण्डल-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय भामण्डल-सत्प्रातिहार्य-शोभन-पदप्रदाय झ्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रवशान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्री शान्तिनाथाय दुन्दुभि-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय दुन्दुभि-सत्प्रातिहार्य-शोभन-पदप्रदाय स्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रवशान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय छत्रत्रय-सत्प्रातिहार्य-मण्डिताय छत्रत्रय-सत्प्रातिहार्य-शोभन-पदप्रदाय ख्म्ल्व्र्यूं-बीजाय सर्वोपद्रवशान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथाय प्रातिहार्याष्ट-सहिताय बीजाष्टमण्डन-मण्डिताय सर्वविघ्नशान्तिकराय नमः सर्वशान्तिं कुरु कुरु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो जिणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो ओहिजिणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो परमोहिजिणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोहिजिणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो अणंतोहिजिणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो कोट्ठबुद्धीणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो बीजबुद्धीणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो पदाणुसारीणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो संभिण्णसोदाराणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सयंबुद्धाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो पत्तेयबुद्धाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो बोहियबुद्धाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो उजुमदीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउलमदीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो (अभिण्ण) दसपुव्वीणं[१] सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो चोद्दसपुव्वीणं[२] सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो अट्ठंगमहाणिमित्तकुसलाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो विउव्वण(इड्ढि)पत्ताणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो विज्जाहराणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो चारणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो पण्णसमणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो आगासगामीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो आसीविसाणं सर्वशान्तीर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो दिट्ठिविसाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो उग्गतवाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो दित्ततवाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

१. दसपुव्वियाणं २. चोद्दसपुव्वियाणं

ॐ ह्रीं अर्हं णमो तत्तवाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो महातवाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरतवाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरपरक्कमाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो घोरगुणबंभयारिणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो आमोसहिपत्ताणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो खेलोसहिपत्ताणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो जल्लोसहिपत्ताणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो विट्ठोसहिपत्ताणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सव्वोसहिपत्ताणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो मणबलीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो वचिबलीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो कायबलीणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो खीरसवीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो सप्पिसवीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो महुसवीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो अमियसवीणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो अक्खीणमहाणसाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो वड्ढमाणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।
ॐ ह्रीं अर्हं णमो लोए सव्वसिद्धायदणाणं सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो भयवदो महदि-महावीर-वड्ढमाण-बुद्धिरिसिणो चेदि सर्वशान्तिर्भवतु।

ॐ णमो भयवदो वड्ढमाणस्स रिसहस्स जस्स चक्कं जलंतं गच्छइ आयासं पायालं लोयाणं भूयाणं जुए वा विवादे वा रणांगणे वा थंभणे वा मोहणे वा सव्वजीव-सत्ताणं अपराजिदो भवदु मे रक्ख रक्ख स्वाहा।

तव भक्तिप्रसादात् लक्ष्मी-पुर-राज्यगेहपद-भ्रष्टोपद्रव-दारिद्रोद्-भवोपद्रव-स्वचक्र-परचक्रोद्-भवोपद्रव-प्रचण्ड-पवनानल-जलोद्-भवोपद्रव-शाकिनी-

डाकिनी-भूत-पिशाच-कृतोपद्रव-दुर्भिक्षव्यापार-वृद्धि-रहितोपद्रवाणां विनाशनं भवतु।

श्रीशान्तिरस्तु शिवमस्तु जयोऽस्तु नित्यमारोग्यमस्तु अस्माकं तुष्टिरस्तु पुष्टिरस्तु समृद्धिरस्तु कल्याणमस्तु सुखमस्तु अभिवृद्धिरस्तु दीर्घायुरस्तु कुलगोत्र-धन-धान्यं सदास्तु। श्रीसद्धर्म-बलायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिरस्तु।

ॐ ह्रीं अर्हं णमो सम्पूर्ण-कल्याण-मंगलरूप-मोक्षपुरुषार्थश्च भवतु।

सम्पूजकानां प्रतिपालकानां यतीन्द्र-सामान्य-तपोधनानाम्।
देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः करोतु-शान्तिं भगवान् जिनेन्द्रः।।
प्रध्वस्त-घाति-कर्माणः केवल-ज्ञान-भास्कराः।
कुर्वन्तु जगतां शान्तिं वृषभाद्या जिनेश्वराः।।



विनय पाठ

इह विधि ठाड़ो होय के प्रथम पढ़ै जो पाठ।
धन्य जिनेश्वर देव तुम नाशे कर्म जु आठ ।। १।।
अनन्त चतुष्टय के धनी तुम ही हो सिरताज।
मुक्ति-वधू के कन्त तुम तीन भुवन के राज ।। २।।
तिहुँ जग की पीड़ा हरन भवदधि-शोषणहार।
ज्ञायक हो तुम विश्व के शिवसुख के करतार ।। ३।।
हरता अघ अंधियार के करता धर्म-प्रकाश।
थिरता-पद दातार हो धरता निज गुण रास ।। ४।।
धर्मामृत उर जलधि सों ज्ञानभानु तुम रूप।
तुमरे चरण-सरोज को नावत तिहुँजग भूप ।। ५।।
मैं वन्दौं जिनदेव को करि अति निरमल भाव।
कर्म-बन्ध के छेदने और न कछु उपाव।। ६।।

भविजन को भव-कूप तैं तुम ही काढ़नहार।
दीन-दयाल अनाथ-पति आतम गुण भण्डार ।।७।।
चिदानन्द निर्मल कियो धोय कर्म-रज मैल।
सरल करी या जगत में भविजन को शिवगैल ।।८।।
तुम पद-पंकज पूजतैं विघ्न-रोग टर जाय।
शत्रु मित्रता को धरे विष निरविषता थाय ।। ९।।
चक्री खगधर इन्द्र पद मिले आप तैं आप।
अनुक्रम करि शिवपद लहैं नेम सकल हनि पाप ।।१०।।
तुम बिन मैं व्याकुल भयो जैसे जल बिन मीन।
जन्म-जरा मेरी हरो करो मोहि स्वाधीन।। ११।।
पतित बहुत पावन किए गिनती कौन करेव।
अंजन से तारे कुधी जय जय जय जिनदेव।। १२।।
थकी नाव भवदधि विषैं तुम प्रभु पार करेव।
खेवटिया तुम हो प्रभु जय जय जय जिनदेव।। १३।।

राग सहित जग में रुल्यो मिले सरागी देव।
वीतराग भेट्यो अबै मेटो राग कुटेव।। १४।।
कित निगोद कित नारकी कित तिर्यञ्च अज्ञान।
आज धन्य मानुष भयो पायो जिनवर थान ।। १५।।
तुमको पूजैं सुरपति अहिपति नरपति देव।
धन्य भाग्य मेरो भयो करन लग्यो तुम सेव ।। १६।।
अशरण के तुम शरण हो निराधार आधार।
मैं डूबत भव सिन्धु में खेव लगाओ पार ।। १७।।
इन्द्रादिक गणपति थके कर विनती भगवान।
अपनो विरद निहारिकैं कीजे आप समान ।। १८।।
तुमरी नेक सुदृष्टि तैं जग उतरत है पार।
हा हा डूब्यो जात हों नेक निहार निकार ।। १९।।
जो मैं कहहूँ और सौं तो न मिटैं उर भार।
मेरी तो तोसों बनी तातैं करौं पुकार ।। २०।।

वन्दों पाँचों परमगुरु सुरगुरु वन्दत जास।
विघनहरन मंगलकरन पूरन परम प्रकाश ।। २१।।
चौबीसों जिनपद नमों नमों शारदा माय।
शिवमग साधक साधु नमि रच्यो पाठ सुखदाय ।। २२।।
मंगल मूर्ति परम पद पञ्च धरो नित ध्यान।
हरो अमंगल विश्व का मंगलमय भगवान ।। २३।।
मंगल जिनवर पर नमों मंगल अर्हन्त देव।
मंगलकारी सिद्ध पद सो वन्दों स्वयमेव ।। २४।।
मंगल आचारज मुनि मंगल गुरु उवझाय।
सर्व साधु मंगल करो वन्दों मन-वच-काय ।। २५।।
मंगल सरस्वती मात का मंगल जिनवर धर्म।
मंगलमय मंगल करो हरो असाता कर्म ।। २६।।
या विधि मंगल से सदा जग में मंगल होत।
मंगल 'नाथूराम' यह भव सागर दृढ़ पोत ।। २७।।

अथ अर्हत्-पूजा-प्रतिज्ञायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्म-क्षयार्थं भावपूजा-वन्दना-स्तव-समेतं पञ्चमहागुरुभक्ति-कायोत्सर्गं करोम्यहम्।

पूजा पीठिका

ॐ जय जय जय नमोऽस्तु नमोऽस्तु नमोऽस्तु।
णमो अरिहंताणं णमो सिद्धाणं णमो आइरियाणं।
णमो उवज्झायाणं णमो लोए सव्वसाहूणं।।

ॐ ह्रीं अनादिमूलमन्त्रेभ्यो नमः पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

चत्तारि मंगलं अरिहंता मंगलं सिद्धा मंगलं
साहू मंगलं केवलिपण्णत्तो धम्मो मंगलं।
चत्तारि लोगुत्तमा अरिहंता लोगुत्तमा सिद्धा लोगुत्तमा
साहू लोगुत्तमा केवलिपण्णत्तो धम्मो लोगुत्तमो।
चत्तारि सरणं पव्वज्जामि अरिहंते सरणं पव्वज्जामि
सिद्धे सरणं पव्वज्जामि साहू सरणं पव्वज्जामि
केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि।

ॐ नमोऽर्हते स्वाहा, पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।



अपवित्रः पवित्रो वा सुस्थितो दुःस्थितोऽपि वा।
ध्यायेत्पञ्च-नमस्कारं सर्वपापैः प्रमुच्यते ।। १।।
अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावस्थां गतोऽपि वा।
यः स्मरेत्परमात्मानं स बाह्याभ्यन्तरे शुचिः ।। २।।
अपराजितमन्त्रोऽयं सर्व-विघ्नविनाशनः।
मंगलेषु च सर्वेषु प्रथमं मंगलं मतः ।। ३।।
एसो पंच-णमोयारो सव्वपावप्पणासणो।
मंगलाणं च सव्वेसिं पढमं होइ मंगलं।। ४।।
अर्हमित्यक्षरं ब्रह्म-वाचकं परमेष्ठिनः।
सिद्धचक्रस्य सद्बीजं सर्वतः प्रणमाम्यहम् ।। ५।।
कर्माष्टक-विनिर्मुक्तं मोक्षलक्ष्मीनिकेतनम्।
सम्यक्त्वादिगुणोपेतं सिद्धचक्रं नमाम्यहम् ।। ६।।
विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति शाकिनीभूतपन्नगाः।
विषं निर्विषतां याति स्तूयमाने जिनेश्वरे ।। ७।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

उदक-चन्दनतण्डुलपुष्पकैश्चरुसुदीपसुधूपफलार्घ्यकैः।
धवलमङ्गलगान-रवाकुले जिनगृहे कल्याणमहं यजे।।

ॐ ह्रीं श्रीभगवतो गर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाणपञ्चकल्याणकेभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्चरुसुदीपसुधूपफलार्घ्यकैः।
धवलमङ्गलगानरवाकुले जिनगृहे जिननाथमहं यजे।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्चरुसुदीपसु-धूपकलार्घ्यकैः।।
धवलमङ्गलगानरवाकुले जिनगृहे जिननाम यजामहे।।

ॐ ह्रीं श्रीभगवज्जिन-अष्टोत्तरसहस्रनामभ्यो नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पूजा प्रतिज्ञा पाठ

श्रीमज्जिनेन्द्र-मभिवन्द्य जगत्त्रयेशं
स्याद्वादनायक - मनन्तचतुष्टयार्हम्।
श्रीमूलसंघसुदृशां सुकृतैकहेतुर्-
जैनेन्द्रयज्ञविधि-रेष-मयाऽभ्यधायि।। १।।

स्वस्ति त्रिलोकगुरवे जिनपुङ्गवाय
स्वस्ति स्वभावमहिमोदयसुस्थिताय।
स्वस्ति प्रकाश-सहजोर्ज्जितदृङ्मयाय
स्वस्ति प्रसन्नललिताद्भुत-वैभवाय।। २।।

स्वस्त्युच्छलद्विमल-बोधसुधा-प्लवाय
स्वस्ति स्वभाव-परभाव-विभासकाय।
स्वस्ति त्रिलोक-विततैक-चिदुद्गमाय
स्वस्ति त्रिकाल-सकलायत-विस्तृताय।। ३।।

द्रव्यस्य शुद्धिमधिगम्य यथानुरूपं
भावस्य शुद्धिमधिकामधिगन्तुकामः।
आलम्बनानि विविधान्यवलम्ब्य वल्गन्
भूतार्थयज्ञपुरुषस्य करोमि यज्ञम्।।४।।

अर्हन् पुराणपुरुषोत्तम पावनानि
वस्तून्यनून-मखिलान्ययमेक एव।

अस्मिञ्ज्वलद्विमल-केवल-बोध-वह्नौ
पुण्यं समग्र-मह-मेकमना जुहोमि।।५।।

ॐ विधियज्ञप्रतिज्ञानाय जिनप्रतिमाग्रे पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।



स्वस्ति मङ्गलपाठ

श्रीवृषभो नः स्वस्ति स्वस्ति श्रीअजितः।
श्रीसम्भवः स्वस्ति स्वस्ति श्रीअभिनन्दनः।
श्रीसुमतिः स्वस्ति स्वस्ति श्रीपद्मप्रभः।
श्रीसुपार्श्वः स्वस्ति स्वस्ति श्रीचन्द्रप्रभः।
श्रीपुष्पदन्तः स्वस्ति स्वस्ति श्रीशीतलः।
श्रीश्रेयान् स्वस्ति स्वस्ति श्रीवासुपूज्यः।
श्रीविमलः स्वस्ति स्वस्ति श्रीअनन्तः।
श्रीधर्मः स्वस्ति स्वस्ति श्रीशान्तिः।
श्रीकुन्थुः स्वस्ति स्वस्ति श्रीअरनाथः।
श्रीमल्लिः स्वस्ति स्वस्ति श्रीमुनिसुव्रतः।

श्रीनमिः स्वस्ति स्वस्ति श्रीनेमिनाथः ।
श्री पार्श्वः स्वस्ति स्वस्ति श्रीवर्द्धमानः।
इति चतुर्विंशति-जिनेन्द्र-स्वस्तिमङ्गल-विधानं पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

परमर्षि स्वस्ति मङ्गलपाठ

नित्याप्रकम्पाद्भुतकेवलौघाः स्फुरन्मनःपर्ययशुद्धबोधाः।
दिव्यावधि-ज्ञानबलप्रबोधाः स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। १।।

कोष्ठस्थ-धान्योपममेक-बीजं सम्भिन्न-संश्रोतृपदानुसारि।
चतुर्विधं बुद्धिबलं दधानाः स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ।। २।।

संस्पर्शनं संश्रवणं च दूरा-दास्वादन-घ्राण-विलोकनानि।
दिव्यान्मतिज्ञानबलाद्वहन्तः स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। ३।।

प्रज्ञा-प्रधानाः श्रमणाः समृद्धाः प्रत्येक-बुद्धाः दशसर्वपूर्वैः।
प्रवादिनोऽष्टाङ्गनिमित्तविज्ञाः स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। ४।।

जंघानलश्रेणि-फलाम्बु-तन्तु-प्रसून-बीजाङ्कुर-चारणाह्वाः।
नभोऽङ्गणस्वैर-विहारिणश्च स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। ५।।

अणिम्नि दक्षाः कुशला महिम्नि लघिम्नि शक्ताः कृतिनो गरिम्णि।
मनो वपुर्वाग्बलिनश्च नित्यं स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। ६।।

सकामरूपित्ववशित्वमैश्यं प्राकाम्यमन्तर्द्धिमथाप्तिमाप्ताः।
तथाऽप्रतीघातगुणप्रधानाः स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। ७।।

दीप्तं च तप्तं च तथा महोग्रं घोरं तपो घोर-पराक्रमस्थाः।
ब्रह्मापरं घोरगुणं चरन्तः स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। ८।।

आमर्ष-सर्वौषधयस्तथाशीर्विषाविषा दृष्टिविषाविषाश्च।
सखिल्लविड्जल्लमलौषधीशाः स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। ९।।

क्षीरं स्त्रवन्तोऽत्र घृतं स्त्रवन्तो मधुस्त्रवन्तोऽप्यमृतं स्त्रवन्तः।
अक्षीण-संवास-महानसाश्च स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः।। १०।।

इति परमर्षिस्वस्तिमङ्गलविधानं परिपुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।



नवदेवता पूजन

अरि चार घाति विनाश कर, अरहन्त पद को पा लिया
पुरुषार्थ प्रबल किया प्रभो, मुक्तीरमा को वर लिया।
अरहन्त पथ पर चल रहे, आचार्य पद वन्दन करूँ
उवज्झाय साधु श्रेष्ठ पद का, भक्ति से अर्चन करूँ।। १।।
जिन धर्म आगम चैत्य चैत्यालय शरण को पा लिया
भव-सिन्धु पार उतारने, नौका सहारा ले लिया।
यह भावना मेरी प्रभो, मम ज्ञान महल पधारिए।
निज सम बना लीजे मुझे, जिनराज पदवी दीजिए।। २।।
सुख दाता नव देवता, तिष्ठो हृदय मँझार।
भावों से आह्वान करूँ, करो भवोदधि पार।।३।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागम-जिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र अवतर अवतर सम्वौषट्। ॐ ह्रीं श्री अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागम-जिनचैत्यचैत्यालयसमूह! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः। ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधु-जिनधर्मजिनागम-जिनचैत्य-चैत्यालयसमूह! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

द्रव्यार्पण

जिनको अपना माना, उनसे ही दुख पाया।
फिर भी क्यों राग किया, यह समझ नहीं आया।।
यह राग की आग मिटे, ऐसा जल दो स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।। १।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

प्रभो ! काल अनादि से, भव का सन्ताप सहा।
अब सहा नहीं जाता, यह मेटो द्वेष महा।।
इस द्वेष की ज्वाला को, अब शान्त करो स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी ।। २।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः भवातापविनाशनाय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

जिसको मैंने चाहा, सब नश्वर है माया।
जिस तन में हूँ रहता, क्षणभंगुर वह काया।।



क्षत-विक्षत जग सारा, अब जाऊँ कहाँ स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।३।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

इस काम लुटेरे ने, आतम धन लूट लिया।
मैं मौन खड़ा निर्बल, बस तेरा शरण लिया।।
विश्वास मुझे तुम पर, आतम बल दो स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।४।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

इस क्षुधा रोग से मैं, प्रभुवर लाचार रहा।
व्यञ्जन की औषध खा, ना कुछ उपचार हुआ।।
प्रभु तू ही सहारा है, यह रोग नशे स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।५।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पर तत्त्व प्रशंसा में, महिमा पर की आई।
नर तन में रहकर भी, निज की ना सुध आई।।
अब ज्ञान ज्योति प्रकटे, आशीष मिले स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।६।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्मों की आँधी में, चेतन गृह बिखर गया।
आया अब दर तेरे, निज आतम निखर गया।।
शुभ ध्यान अनल में ही, वसु कर्म जलें स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।७।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

पापों का बीज बोया, कैसे शिव फल पाऊँ।
तप धारूँ कर्म नशें, तब सिद्धालय पाऊँ।।



मुझे पास बुला लेना, यह अरज सुनो स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।।८।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

वसु कर्मों ने मिलकर, दिन-रात जलाया है।
गुरुदेव कृपा पाकर, यह अर्घ्य बनाया है।।
यह पद अनर्घ्य अनमोल, हो प्राप्त मुझे स्वामी।
नव देव शरण आया, शरणा दो जगनामी।। ९।।

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधुजिनधर्म-जिनागमजिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

जाप्य मन्त्र

ॐ ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्याय-सर्वसाधु-जिनधर्म-जिनागम-जिनचैत्य-चैत्यालयेभ्यो नमः

(इस मन्त्र का ९, २७ अथवा १०८ बार जाप करें)



जयमाला

नव देवों की भक्ति से, सब अरिष्ट नश जाय।
आत्मसिद्धि को प्राप्त कर, अष्टम वसुधा पाय।। १।।

'**य र ल व**' इन वर्णों से सहित सिद्ध परमेष्ठी की मैं उत्तर दिशा में सुगन्धित, सुन्दर एवं उत्तम जल, चन्दन, अक्षत आदि के द्वारा पूजा करता हूँ ॥७ ॥

'**श ष स ह**' इन वर्णों से सहित सिद्ध परमेष्ठी की मैं ऐशान दिशा में सुगन्धित, सुन्दर एवं उत्तम जल, चन्दन, अक्षत आदि के द्वारा पूजा करता हूँ ॥८ ॥

अथ प्रथमपरिधौ अष्टकमलदलपूजा

(प्रथम वलय पर आठ कमलदल पूजा)

ऊपर और नीचे रेफ से युक्त, बाद में बिन्दुसहित, हकार (**र्ह्रं**) है, जो ब्रह्मस्वर अर्थात् मूलस्वरों से चारों ओर से वेष्टित (घिरा हुआ) है। आठ दिशाओं में फैली हुई अष्टदलकमल की आठ पंखुड़ियों पर वर्ग (अक्षरसमूह) समाहित हैं अर्थात् पहली पंखुड़ी पर '**अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ अं अः**', दूसरी पंखुड़ी पर '**क ख ग घ ङ**', तीसरी पंखुड़ी पर '**च छ ज झ ञ**', चौथी पंखुड़ी पर '**ट ठ ड ढ ण**', पाँचवी पंखुड़ी पर '**त थ द ध न**', छठी पंखुड़ी पर '**प फ ब भ म**', सातवीं पंखुड़ी पर '**य र ल व**' और आठवीं पंखुड़ी पर '**श ष स ह**' इस प्रकार आठ वर्ग (अक्षरसमूह) भरे हुए हैं। इन पंखुड़ियों के सन्धिस्थल अर्थात् जोड़भाग पर तत्त्व अर्थात् **णमो अरहंताणं** उल्लिखित है। अन्त:पत्र अर्थात् पंखुड़ियों के भीतरी किनारों पर ॐ से युक्त एवं बाहरी भाग पर ह्रींकार (**ह्रीं**)से तीन बार वेष्टित इस प्रकार अनाहत अर्थात् अक्षयस्वभावी एवं अक्षरात्मक स्वरूप वाले सिद्ध परमेष्ठी का जो ध्यान करता है, कर्मरूपी हाथी को सिंह के समान नष्ट करने वाला वह पुरुष मुक्ति अंगना का प्रिय होता है अर्थात् मुक्ति को प्राप्त करता है॥

अथ स्थापना

मैं कर्म सम्बन्ध को नष्ट करने वाले, सूक्ष्म, स्वभाव की अपेक्षा नित्य, भव-रोग अर्थात् जन्म-जरा-मरण एवं सांसारिक आधि-व्याधियों से रहित, कर्मरहित होने से अमूर्त, सांसारिक हेतुओं का अभाव हो जाने से उपद्रव रहित सिद्ध परमात्मा की वन्दना करता हूँ ॥१ ॥

सभी प्रकार के देवों अर्थात् चतुर्णिकाय के देवों एवं चक्रवर्तियों के द्वारा पूजा-अर्चना के योग्य, ज्ञानरूपी अमृत का पान करने से निज स्वभाव में ही तृप्त होने वाले एवं कर्म रूपी जंगल की आग को बुझाने के लिए मेघ समूह अर्थात् बादलों के समान सिद्ध परमेष्ठी को यहाँ स्थापित करता हूँ ॥२ ॥

अथ द्रव्याष्टक

सिद्धि अर्थात् निर्वाण को प्राप्त होने पर लोक के अग्रभाग पर निवास करने वाले अथवा सिद्धशिला के ऊपर विराजमान, परमात्मा अर्थात् सर्वज्ञ के द्वारा जानने योग्य, शरीर अथवा आत्मा की हानि-वृद्धि आदि विकारीभावों से रहित, सांसारिक शरीर अर्थात् कर्मशरीर से रहित (ज्ञानशरीरी), ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं रेवानदी, उत्तम सरोवर तथा यमुना नदी से लाए हुए एवं कलशों में भरे हुए जल से पूजा करता हूँ ॥१ ॥



ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं जल समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो।१।

आनन्दरूपी कन्द को उत्पन्न करने वाले, सम्पूर्ण कर्मों से रहित, क्षायिक सम्यक्त्व एवं अनन्तसुख से सहित होने से गरिमापूर्ण, संसार में जन्म लेने के कष्ट से रहित, आत्मगुणों की सुरभिरूपी सुगन्धता के आश्रयभूत, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं उत्तम चन्दन की सुगन्ध से पूजा करता हूँ॥२॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं चन्दन समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो।२।

आयुकर्म के क्षय से उत्पन्न पूर्ण अवगाहनत्व गुण के धारक, आत्मसमाधि अर्थात् आत्मगुणों में लीन, तीन लोक में प्रसिद्ध अपने आत्मस्वरूप के अनुभवी एवं विशाल जलराशि के समान अपने स्वरूप अथवा गुणों में गाम्भीर्ययुक्त, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं सुगन्धित धान

से सुशोभित उत्तम अक्षतों के चन्द्रमा के समान उज्ज्वल एवं सुन्दर पुञ्जों (अक्षतपुञ्जों) से पूजा करता हूँ॥३॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं अक्षतसमूह समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो।३।

शुद्धस्वभावी आत्मा में ही शाश्वत् रमण करने से नित्य, अन्तिम मनुष्यपर्याय में धारण किए हुए शरीर से कुछ कम अपने ज्ञानशरीर के परिमाण में अवस्थित, अनादिसंज्ञा वाले अनादिकाल से प्रसिद्ध 'सिद्ध' इस संज्ञा अर्थात् नाम वाले, पुद्गल आदि अन्य द्रव्यों से निरपेक्ष, अपनी सिद्धावस्था से च्युत न होने से अमृत रूप तथा मरण आदि सांसारिक दोषों से रहित, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं मन्दार, कुन्द, कमल आदि वृक्षों के अत्यन्त प्रशस्त पुष्पों से पूजा करता हूँ॥४॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं पुष्प समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो।४।



कर्मबन्धन के नष्ट हो जाने से स्वभाव से ऊर्ध्वगमन करने वाले, इन्द्रिय मतिज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम से होने वाले द्रव्य मन एवं भाव मन से रहित, आत्मा के सहज स्वभाविक गुणों से युक्त, आकाश के समान निर्मल अमूर्तिक एवं पारदर्शी स्वरूप वाले अथवा आकाश के समान सर्वव्यापी ज्ञान से युक्त, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं दूध, अन्न तथा घी से बने हुए, रस से भरे हुए अथवा आनन्ददायक अनेक प्रकार के श्रेष्ठ व्यञ्जनों से प्रतिदिन पूजा करता हूँ ॥५ ॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं नैवेद्य समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो ।५ ।

केवलज्ञान के द्वारा सम्पूर्ण लोक को एक साथ भलीभाँति देखने वाले तथा भूत, वर्तमान तथा भविष्य इस प्रकार तीन कालवर्ती पदार्थों को जानने-देखने के लिए जो सदाप्रकाशी दीपक के समान हैं, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं कपूर की बत्तियों से भरे हुए, स्वर्णनिर्मित, सुन्दर एवं उत्तम दीपों से पूजा करता हूँ ॥६ ॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं दीप समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो ।६ ।



शारीरिक कष्ट, शोक, भय, रोग, एवं मान को नष्ट करने वाले अर्थात् इनसे रहित, निर्द्वन्द्व अर्थात् आत्मा और कर्मों के द्वन्द्वभाव (दुविधा) से रहित, आत्मस्वभाव की महिमा के शाश्वत् धाम, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं उत्तम द्रव्य, चन्दन, कपूर, अगर आदि पदार्थों से बनी हुई सुगन्धित धूप से पूजा करता हूँ ॥७॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं धूप समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो ।७।

जो प्रसिद्ध असुरकुमार, यक्ष एवं चक्रवर्तियों के द्वारा ध्यान करने योग्य है, कल्याण रूप हैं, सभी भव्यपुरुषों के द्वारा वन्दनीय हैं, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं संतरा, सुपारी, केला तथा श्रीफल आदि श्रेष्ठ फलों से पूजा करता हूँ ॥८॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं फल समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो ।८।



सुगन्धित निर्मल जल, भँवरों के समूह जिस पर मंडरा रहे हैं, ऐसा श्रेष्ठ चन्दन, उज्ज्वल अक्षतों का समूह, पुष्पों का समूह, मनोहर नैवेद्य, दीपक, सुगन्धित धूप तथा अनेक प्रकार के उत्तम फलों को मिलाकर बनाया हुआ अर्घ्य उत्तम फल की प्राप्ति के लिए सिद्धों के दोनों चरणों में समर्पित करता हूँ ॥९ ॥

ॐ ह्रीं अनाहत पराक्रम अर्थात् अनन्त बल के धारी, सभी कर्म समूह से नितान्त रहित, सिद्ध अर्थात् आत्मरमण करने वालों के अधिपति श्री सिद्धपरमेष्ठी को नमस्कार हो, मैं अर्घ्य समर्पित करता हूँ, यह मेरे कल्याण के लिए हो ।९ ।

जिनका ज्ञानोपयोग सभी मलों अर्थात् विकारों से रहित है, कर्ममल के नष्ट हो जाने से जिनका आत्मस्वरूप स्पष्ट अर्थात् प्रकट हो गया है, जो औदारिकादि पाँच शरीरों से रहित होने से परम सूक्ष्म हैं, संसार में जन्मधारण रूप कष्ट से रहित हैं, कर्मसमूह रूपी वन को जलाने वाले, सुख रूपी फसल को उत्पन्न करने के लिए बीजभूत एवं सभी उपमाओं से परे, ऐसे श्रेष्ठ सिद्धों के समूह की मैं वन्दना करता हूँ ॥१० ॥

अथ जयमाला

दुष्कृत-पापरूपी कर्ममलों को जिन्होंने सर्वथा नष्ट कर दिया है, ऐसे परमेश्वर जिनेश्वर भगवान को प्रणाम और नमस्कार करके भक्तिपूर्वक और अपनी मन:शक्ति के द्वारा सिद्धचक्र की जयमाला का वर्णन करता हूँ ॥ १ ॥

मन में अच्छी तरह से जो सिद्धचक्र का ध्यान करता है उसका; काले बिखरे हुए और भयंकर हैं शिर के केश जिसके, रूक्ष और दारुण हैं नेत्र जिसके, ऐसी रक्तवर्ण वाली व्यन्तरी का अथवा ग्रह तथा भूत वेताल आदि का भय नष्ट हो जाया करता है ॥ १ ॥

भीषण है उत्संग-क्रोड-बाहुमध्य और दाढ जिसकी तथा उनके कारण जो विकराल है, जिसके नेत्र चलायमान हैं, जिह्वा अत्यन्त दीर्घ है, ऐसे विशाल सिंह और दाढवाले सभी जीवों का समूह सिद्धचक्र की भावना करने वाले के वश में हो जाया करता है ॥ २ ॥

रोषयुक्त घोर महाकाल रूप दुष्ट भावों वाले क्रुद्ध आशीविष जाति के सर्प भी उसको नहीं काटते जो मन में सिद्धचक्र की भले प्रकार भावना किया करता है ॥ ३ ॥

ज्वर, क्षय, गंडमाला, कुष्ट, शूल आदि रोग अथवा श्वास और वातादि व्याधियाँ उनकी नष्ट हो जाया करती हैं, जो मन में सिद्धचक्र का अच्छी तरह चिन्तवन किया करते हैं ॥ ४ ॥

इस सिद्धचक्र की भावना करने वाले को धूमसहित भीषण जलती हुई, जिसके प्रचण्ड स्फुलिंग सब तरफ उड़ रहे हैं, अग्नि की ज्वालाओं का समूह दग्ध नहीं कर सकता ॥५॥

कल्लोलों से चंचल, बहुत तरंगवाली, अपार शब्द करती हुई, अगाध गंगा-सिंधु आदि नदियाँ उस मनुष्य को पार कर देती हैं, जो इस सिद्धचक्र का मन में चिन्तवन किया करता है ॥६॥

कशा, पाश कुंत-बर्छी, भाला, शूल आदि धारण करने वाले या जिनके हाथ में धनुष-बाण भिंडमाल है, ऐसे व्यक्ति और चोरों का समूह युद्ध में उस व्यक्ति को नहीं मार सकते, जो सिद्धचक्र का मन में भले प्रकार चिन्तवन करता है ॥७॥

अत्यन्त गाढ और सघन भी बंधन जिन्होने कि समस्त अंग-उपांगो को जकड़ रखा है, खुल जाते हैं और उन व्यक्तियों की शृंखलाएँ टूट जाती हैं, जो कि इस सिद्धचक्र का मन में स्मरण करते हैं ॥८॥

उस सिद्धचक्र का नि:संग ध्यान करने से आठो ही कर्मों का विनाश होता है, ललाट में सुवीर्य प्रकट होता और हाथ में मोक्ष लक्षमी का निवास हुआ करता है, तथा जिसके दृष्टिपात से सूर्य के समान तेज प्राप्त हुआ करता है, जिसका कि यहाँ भुजंगप्रयात छन्द के द्वारा वर्णन किया गया है ॥९॥

इस प्रकार चन्द्रसेन के द्वारा जिस अत्यन्त रसाल-रसवती उत्तम जयमाला का वर्णन किया गया है, उसको जो पढ़ेंगे, पढ़ावेंगे या अपने मन में धारण करेंगे वे मनुष्य सिद्धि सुख को प्राप्त करेंगे ॥१०॥



अथ आशीर्वादः

भक्तिभाव से सहित जो भव्यजीव चैतन्यरूप सिद्धचक्र की पूजा करता है, वह स्वर्गों के भोगों को भोगकर सिद्धों की संगति अर्थात् मोक्ष को प्राप्त करता है ॥११ ॥

अथ द्वितीयपरिधौ षोडशकमलदलपूजा

(द्वितीय वलय पर सोलह कमलदल पूजा)

पुष्पाञ्जलि एवं स्थापना प्रथम पूजा के समान ही है, अतः उन पद्यों के अर्थ प्रथम पूजा से देखें।

अथ द्रव्याष्टक

विविध चन्दनों के समूह से युक्त, जल की अञ्जुलि में प्राप्त पराग वाले रमणीय जलों से संसार के सन्ताप के विनाश के लिए एवं शाश्वत् शान्ति की प्राप्ति के लिए तथा उन कर्मों के विनाश के लिए मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥१ ॥

अच्छे कुंकुमों से अच्छी तरह से सजाए गए, तपे हुए सोने के रस की तरह चमक वाले, भ्रमरों के समूह को आनन्दित करने वाले सुगन्धित एवं उत्तम कोटि के चन्दनों से उन कर्मों के विनाश के लिए मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥२ ॥

अखण्ड पुण्य के विशाल पुञ्ज की तरह, मुनियों के मन के समान स्वच्छ (निर्मल), रमणीय एवं अखण्ड अक्षतों के नव्य पुञ्ज से उन कर्मों के विनाश के लिए मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥३ ॥

गन्धों के लोलुपी भँवरों वाले सुन्दर पुष्पों से, कमल, जाति (चमेली) और शतदल कमल आदि के द्वारा कामबाण के नाश के लिए तथा उन कर्मों के विनाश के लिए मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥४ ॥

घृतयुक्त, अच्छी तरह से पकाए गए, नवीन रसों से भावित द्रवित हृदय की तरह प्रतीत होने वाले समृद्ध नैवेद्य से मैं उन कर्मों के विनाश के लिए मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥५ ॥

अच्छी तरह से प्रकाशित, अन्धकार को दूर करने वाले, चन्द्रकान्त मणियों से समृद्ध दीपों के द्वारा अज्ञान अन्धकार को दूर करने के लिए तथा उन कर्मों के विनाश के लिए मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥६ ॥

ज्ञानादि अग्नि से उत्पन्न धुएँ के समान उत्तम धूपों के धुओं को धारण किए गए धर्म की सिद्धि के लिए, पूर्ण रूप से पाप के समूह को नष्ट करने के लिए तथा उन कर्मों के विनाश के लिए मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥७ ॥

उत्तम प्रकार की मीठी ककड़ी, अच्छी नारङ्गी, उत्तम नारिकेल, अङ्गूर, अनार आदि फलों से निष्कामता के फल को प्राप्त करने के लिए तथा उन कर्मों के विनाश के लिए मै सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥८ ॥

अनन्तदर्शन, अनन्तज्ञान, सम्यक्त्व, अनन्तवीर्य, सूक्ष्मत्व, अवगाहनत्व, अगुरुलघुत्व और अव्याबाधत्व गुणों से युक्त तथा कर्मों से रहित सिद्धसमूह की उन कर्मों के विनाश के लिए पुष्पाञ्जलि से मैं सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥९ ॥

महान् गुणों से प्रसिद्ध, अष्टगुणों के अधिपति, पूर्व शरीर से कुछ कम शरीर वाले, इष्ट और अनिष्ट अर्थात् राग-द्वेषभूत महाशत्रु रूपी कर्म की बेड़ियों से मुक्त, चिदानन्द स्वरूप, तीन लोक के अग्रभाग में निवास करने वाले, शाश्वत् मुक्ति-वधू का आश्रय लेने वाले सिद्धों की मैं स्तुति करता हूँ ॥१० ॥

अथ जयमाला

दूर कर दिया है विकल्प समूह–अनेक तरह के संकल्प विकल्पों के रण–कोलाहल को जिन्होंने, लोक में कर्मरूपी सघन अग्नि के समूह को जिन्होंने भस्म–शान्त कर दिया है, और जिनके भाव अनेक गुणों से शोभित हैं ऐसे परमात्मरूप सिद्धों के समूह को मैं नमस्कार करता हूँ॥ १ ॥

चैतन्यस्वरूप को जो प्राप्त हो गए हैं, देवेन्द्र, नरेन्द्र और धरणीन्द्र के द्वारा भी जिनको नमस्कार किया गया है, आतप, साद–खेद, विषाद और रति से जो रहित हैं, महान् शान्ति को प्राप्त, नष्ट कर दिया है पापरूप मति को जिन्होंने, मद और खेद–रूपी पर्वत का नाश करने के लिए जो वज्र के समान हैं, भयरूपी भयंकर निशाचर के लिए जो सुन्दर सूर्य के समान हैं, जो उत्तम मुक्तिरूपी वधू के रमण, शब्द अथवा गति से रहित तथा चित्स्वरूप अनन्त गुणों के धारक हैं, जिन्होने काम के अंश को भी जीत लिया है; जो उत्तम ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्य, इस तरह अनन्त चतुष्टय स्वरूप हैं, जिन्होंने अपने ज्ञान के द्वारा समस्त वस्तुओं को देख लिया है, जो संसाररूपी समुद्र के पार को भले प्रकार प्राप्त हो गए हैं, जिन्होने सर्वसाधारण संसारी जीवों में पाए जाने वाले दोष–क्षुधा–पिपासा–चिन्ता, आश्चर्य आदि तथा कषायरूपी कलंक के भार को नष्ट कर दिया है, पवित्र केवल ज्ञान और दर्शन को जो धारण करने वाले हैं, जिन्होंने संसार के

जन्म मरण और जरा रूप क्लेश का नाश कर दिया है, आत्म रस रूपी अमृत से जो मंथर हैं; पुनः जन्म धारण करने वाले नहीं हैं, भुवनत्रय के मस्तकरूपी द्वार का उद्घाटन करने के लिए गज के समान हैं, समभाव के द्वारा जिन्होंने जीव के अपनी आत्मा के या जीवों के गुणों को प्रकाशित कर दिया है, उत्कृष्ट निश्चल और नित्य गुण ही हैं आभरण जिनके, ऐसे अनेक गुणों से शोभायमान परमात्मा सिद्ध परमेष्ठियों को मेरा नमस्कार हो ॥ २-१० ॥

इस जगत में जिनके नाम मात्र का स्मरण करने में आदरभाव रखने वाले व्यक्तियों को सर्प, हाथी आदि घात करने वाले तथा भयंकर जलचर जीव या सिंह, अष्टापद आदि क्षणभर में उल्टे सुख-शान्ति के निमित्त बन जाते हैं, जिनका चिन्तवन करने से दिव्य विषयों की प्राप्ति हुआ करती है एवं जिनका ध्यान करने से सिद्धिरूपी रमणी वशीभूत हो जाया करती है, उन सिद्ध परमेष्ठियों को मैं अर्घ-पूर्णार्घ अर्पण करता हूँ ॥ ११ ॥

भक्ति से परिपूर्ण है मन जिसका ऐसा जो व्यक्ति चिद्रूप सिद्ध भगवान का अतिशय करके और पुनः-पुनः पूजन करता है वह 'पद्मकीर्ति' के समान होकर सिद्धि को प्राप्त किया करता है ॥ १२ ॥



अथ तृतीयपरिधौ द्वात्रिंशत्कमलदलपूजा

(तृतीय वलय पर बत्तीस कमलदल पूजा)

पुष्पाञ्जलि एवं स्थापना प्रथम पूजा के समान ही है, अतः उन पद्यों के अर्थ प्रथम पूजा से देखें।

सभी प्रकार के देवों अर्थात् चतुर्णिकाय के देवों एवं चक्रवर्तियों के द्वारा पूजा-अर्चना के योग्य, ज्ञानरूपी अमृत का पान करने से निज स्वभाव में ही तृप्त होने वाले एवं कर्म रूपी जंगल की आग को बुझाने के लिए मेघ समूह अर्थात् बादलों के समान सिद्ध परमेष्ठी को यहाँ स्थापित करता हूँ ॥२ ॥

अथ द्रव्याष्टक

अपने मन रूपी मणि के पात्र में भरे हुए समता रस रूपी अनुपम रस की धारा से केवलज्ञानरूपी कला से मनोहर सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥१ ॥

सहज रूप से कर्म कलङ्क को नष्ट करने वाले, ऐसे निर्मल भावरूपी सुगन्धित चन्दन से अनुपम गुण समूह के नायक सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥२ ॥



बड़े से बड़े समस्त दोषों का शोधन करने में समर्थ स्वभावरूपी स्वच्छ चावलों से अप्रतिहत ज्ञान के धारी सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥३ ॥

सहज क्रियारूप कर अर्थात् हाथ के द्वारा शोधी गई आत्मस्वभावरूपी सुन्दर फूलों की सुशोभित माला से उत्कृष्ट योग के बल से वश में किए गए सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥४ ॥

जन्म, जरा और मरण को नष्ट करने वाले सहजज्ञानरूपी सुन्दर नैवेद्य से अमर्यादित और प्रचुर आत्म–गुणों के निकेतन सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥५ ॥

भोगाकांक्षा रूपी अन्धकार को नष्ट करने वाले, सहज सम्यक्त्वरूपी दीपक से अनन्त आत्मविकास द्वारा विकास को प्राप्त हुए सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥६ ॥

आत्मगुणों के घातक कर्ममलों को नष्ट करने वाली, अपने अक्षयगुणरूपी धूप से विशद बोध और अनन्त सुखस्वरूप सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥७ ॥

सहज रूप से कुभाव भावों का शोधन करने वाली उत्कृष्ट भाव रूपी फलसम्पत्ति से अपने गुणों का स्फुरण होने से निरञ्जन पद को प्राप्त हुए सहज सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥८ ॥

नेत्रोन्मीली विकास को प्राप्त हुए भावसमूह के द्वारा जो पुरुष चिन्तामणि के समान शुद्ध भाव और उत्तम ज्ञानरूपी जल, गन्ध, अक्षत, पुष्पमाला, नैवेद्य, दीप, धूप और फलों से आत्मस्वादी, बाधारहित ज्ञान के स्वामी और जो अचल ज्ञान सिद्ध परमात्मा की पूजा करता है, उसके लिए यह पूजा अनन्त ज्ञान का कारण होती है, अत: हम भी उन सिद्ध परमात्मा की पूजा करते हैं ॥९ ॥

जिन (सिद्ध परमेष्ठी) की आराधना करके, तीन लोक के स्वामियों अर्थात् अधोलोक का स्वामी धरणेन्द्र, मध्यलोक का स्वामी चक्रवर्ती और ऊर्ध्वलोक का स्वामी इन्द्र भी जिनके चरणों की वन्दना करता है, ऐसे अत्यधिक चञ्चल मन को रोकने वाले अर्थात् मन पर विजय प्राप्त करने वाले तीर्थंकरों ने शाश्वत् लक्ष्मी अर्थात् मोक्ष को प्राप्त कर लिया है, ऐसे क्षायिक सम्यक्त्व, अनन्त ज्ञान, अनन्त वीर्य, अव्याबाधत्व आदि गुणों से सहित, आत्मा की विशुद्ध अवस्था को प्राप्त करने वाले उन सिद्ध परमेष्ठी की मैं सदा स्तुति करता हूँ ॥१० ॥

अथ जयमाला

रागरहित, सदा रहने वाले, शान्त-क्रोधादिरहित, निरंश-विभागरहित-अखण्ड, रोगरहित, निर्भय, निर्मल, भेदविज्ञानपूर्ण, आत्मस्वरूप, उत्तम तेज:स्वरूप, उत्कृष्टज्ञान के निधान-खजाने हे मोहरहित विशुद्ध सिद्धसमूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ १ ॥

सांसारिक भावों से दूर, अंगरहित, शम परिणामरूपी अमृत से पूर्ण, देव, संगरहित, निर्बन्ध और कषायरहित निर्मोह विशुद्ध सिद्ध समूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ २ ॥

पाप कर्म के पाश-जाल का जिन्होंने निवारण कर दिया है, जो सदा निर्मल केवलज्ञान की क्रीड़ा के निवास स्थान हैं, संसार समुद्र के पार को प्राप्त हो चुके हैं, ऐसे शान्त निर्मोह विशुद्ध सिद्ध समूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ ३ ॥

अनन्त सुख रूपी अमृत के समुद्र, धीर, पापरूपी धूलि के भार को उड़ा देने के लिए प्रबल समीर-वायु के समान, कामदेव की अन्तिम सीमा को भी खण्डित करने वाले निर्मोह विशुद्ध सिद्ध समूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ ४ ॥

विकार भाव से रहित, शोक को ताडित करने वाले, विशिष्ट ज्ञानरूपी नेत्र के द्वारा देख लिया है लोक को जिन्होंने, जिनका कोई हरण नहीं कर सकता, ऐसे शब्दरहित, विरंग-संसाररूपी नाटक के रंगस्थल अथवा कषायों के युद्ध स्थल से विगत, निर्मोह विशुद्ध सिद्धसमूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ ५ ॥

अज्ञान और अदर्शनरूप मल के खेद से रहित, अशरीर, विच्छेदरहित नित्य सुख के पात्र, सम्यग्दर्शन के द्वारा शोभायमान, नाथ निर्मोह विशुद्ध सिद्धसमूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ ६ ॥

मनुष्यों और देवों के द्वारा वन्दित हैं निर्मल भाव जिनके, अनन्त मुनीश्वरों के द्वारा पूज्य, मुख के विकार से रहित, सदा रहनेवाला है उदय जिनका, पूर्ण तेज के स्वामी, निर्मोह विशुद्ध सिद्धसमूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ ७ ॥

दम्भरहित, तृष्णा से शून्य, विगत दोष, निद्रा रहित, पर और अपर कल्याण के करने वाले, साररूप, निरालस्य, कोप रहित, रूप रहित और शंका रहित निर्मोह विशुद्ध सिद्धसमूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ ८ ॥

जरा और मरण से रहित, गमनागमन से भी रहित, विशिष्ट चिन्ता-ध्यानादि के विषय, निर्मल, अहंकार रहित, अचिन्त्य है चरित्र जिनका ऐसे, हे दर्परहित निर्मोह विशुद्ध सिद्धसमूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ ९ ॥

वर्ण रहित, गंध रहित, मान-लोभ-माया-शरीर-शब्द और शोभा से रहित, आकुलता से रहित, केवल-एकाकिन्-शुद्धात्मन्, सबके लिए हितकर, निर्मोह विशुद्ध सिद्धसमूह मेरे ऊपर प्रसन्न ॥ १० ॥

इस तरह अनुपम समयसाररूप, सुन्दर चैतन्य ही है चिह्न जिनका, पुद्गल के निमित से होने वाली परिणति से मुक्त, पद्मनन्दी आचार्य के द्वारा बन्द्य, सम्पूर्ण गुणों के निवासस्थान, विशुद्ध सिद्धचक्र का जो स्मरण करता है, उनको नमस्कार करता है, या उनकी स्तुति करता है, वह मुक्ति को प्राप्त हुआ करता है ॥ ११ ॥



अथ आशीर्वादः

भक्तिभाव से सहित जो भव्यजीव चैतन्यरूप सिद्धचक्र की पूजा करता है, वह स्वर्गों के भोगों को भोगकर सिद्धों की संगति अर्थात् मोक्ष को प्राप्त करता है ॥१२ ॥

अथ चतुर्थपरिधौ चतुःषष्टिकमलदलपूजा

(चतुर्थ वलय पर चौसठ कमलदल पूजा)

पुष्पाञ्जलि एवं स्थापना प्रथम पूजा के समान ही है, अतः उन पद्यों के अर्थ प्रथम पूजा से देखें।

अथ द्रव्याष्टक

संसार में जिसका प्रभाव जयशील है, आत्मा के यथार्थ अनुभव से विकारीभावों को जीतने वाले, विश्वकल्याण के बीजस्वरूप, गंगा नदी के निर्मल जल की धारा से आराधना के योग्य, गणधरवलय की उस स्वरूप को प्राप्त करने के लिए मैं अर्चना करता हूँ ॥१ ॥

जिससे परमात्मज्योति रूप प्रकाश के उदित होने पर मोहरूपी अन्धकार नष्ट हो जाता है, ऐसे गणधरवलय की अत्यन्त पवित्र कपूर और चन्दनों के समूह से अत्यन्त विनयपूर्वक उस स्वरूप को प्राप्त करने के लिए मैं अर्चना करता हूँ ॥२ ॥



देवेन्द्र, नरेन्द्र और विद्याधर जिनकी भक्तिपूर्वक आराधना में 'मैं पहले, मैं पहले' इस प्रकार की भावना के साथ प्रयत्नशील रहते हैं अर्थात् निरन्तर आराधना करते रहते हैं, ऐसे गणधरवलय की केवलज्ञान की प्राप्ति के लिए सुन्दर एवं अखण्ड अक्षतों से अर्चना करता हूँ ॥३ ॥

मोक्षसुख को प्राप्त कराने वाले जिसकी सेवा से सज्जन लोग संसार और संसार के भय रूपी महान् समुद्र को पार कर लेते हैं, ऐसे उस गणधरवलय की कमल, बकुल, कुन्द और उत्तम जाति के मन्दार पुष्पों से उस स्वरूप को प्राप्त करने के लिए अर्चना करता हूँ ॥४ ॥

भव-वन को जलाने के लिए अग्नि के समान, मोह रूपी पाप के नाशक, काम के मान को शमन करने वाले अर्थात् काम को जीतने वाले, समस्त विद्याओं के भण्डार, सम्पूर्ण गुणों से युक्त तथा प्राणियों के समूह को प्रसन्न करने वाले गणधरवलय की नैवेद्यों से उस स्वरूप को प्राप्त करने के लिए अर्चना करता हूँ ॥५ ॥

जिनका स्मरण भी चेतन और अचेतन रूप सम्पूर्ण जीव-अजीव आदि सात तत्त्वों और नौ पदार्थों को जानने वाले, सम्पूर्ण लोक के नेत्रों के समान केवलज्ञान को आविष्कृत करता है, ऐसे गणधरवलय की मैं दीप्तप्रभासमूह वाले दीपों से उस स्वरूप को प्राप्त करने के लिए अर्चना करता हूँ ॥६ ॥

जिसके ध्यान से संसारी जीवों को ग्रह, दैत्य, क्रोधित राक्षस, प्रेत, भूत आदि के द्वारा उत्पन्न पीड़ा नहीं होती है, ऐसे गणधरवलय की मैं अगुरु, कर्पूर और उत्तम चन्दन से बनी हुई धूप से उस स्वरूप को प्राप्त करने के लिए अर्चना करता हूँ ॥७ ॥

जिसकी अच्छी तरह से की गई विपुल सेवा अतुलनीय एवं अनन्त मुक्तिसुखरूपी फल को प्रदान करती है, अनुपम महिमाशाली, मुक्तिलक्ष्मी के आलय, ऐसे गणधरवलय की मैं मातुलिङ्ग (बिजोरा–एक प्रकार का नींबू का फल) फलों से उस स्वरूप को प्राप्त करने के लिए अर्चना करता हूँ ॥८ ॥

तुरन्त लाए हुए जल, गन्ध, विशाल मन्दार पुष्पों की माला से सुन्दर, निर्मल अर्घ्य को श्री–सहित गणधरवलय के लिए, देवेन्द्र से पूजित मुक्तिरूपी लक्ष्मी की प्राप्ति के लिए मैं पद्मनन्दी आदरपूर्वक समर्पित करता हूँ ॥९ ॥

अथ जयमाला

मैं उन सिद्ध भगवान् की, मोक्षलक्ष्मी की प्राप्ति के लिए भक्तिपूर्वक विमल जयमाला के द्वारा स्तुति करता हूँ, जिनका अपने मन में स्वयं योगीन्द्र भी दुष्कर्मों की व्युच्छित्ति के लिए चिन्तवन करते हैं, जिनके चरण कमल इन्द्र तथा नरेन्द्रों के द्वारा भी पूजित हैं, कर्मरूप अवद्य से जो रहित और सदा अष्ट गुणों के अलंकारभूत हैं ॥ १ ॥



महान् दृढ मोहकर्म से सर्वथा रहित, अपने गुणरूपी सुवर्ण की कांति से रंजित, चित्स्वरूप रुचि के धारक, अपने स्वरूप में ही उत्पन्न, शरीर रहित, सिद्धसमूह सदा मुझे पवित्र करो ॥ २ ॥

चेतना के आवरण करनेवाले–ज्ञानावरण दर्शनावरण के क्षय से निश्चित है वास जिनका, अन्तन पदार्थों का भेद करके भले प्रकार रहने वाले,...हे सिद्धसमूह सदा मुझे पवित्र करो ॥ ३ ॥

सम्यग्दर्शनज्ञानरूप अनंत शक्ति के पिंड, नष्ट कर दिया है विघ्न करने वाले कर्म समूह को जिन्होंने, चित्स्वरूप अनन्त वीर्य गुण के स्वामी अशरीर सिद्धसमूह मुझे सदा पवित्र करो ॥ ५ ॥

क्षय को प्राप्त हो गया है नाम कर्म जिनका, सूक्ष्मत्व गुण को धारण करनेवाले, अपने निर्मितगुण ही हैं चिह्न जिनका, चित्स्वरूप सूक्ष्मगुण के स्वामी अशरीर सिद्ध निकाय मुझे सदा पवित्र करो ॥ ६ ॥

अरूपी, अवगाहन गुण से पूर्ण, चार तरह के आयु कर्मरूप कीचड़ से दूर, अनंतगुणों के स्वामी अशरीर सिद्ध निकाय मुझे सदा पवित्र करो ॥ ७ ॥

गुरुत्वलघुत्वभाव से रहित, संसार रूपी वन की दु:सह अग्नि का जिन्होंने निरसन कर दिया है, दो प्रकार के अतुल गोत्रकर्म से रहित स्वामी अशरीर सिद्धनिकाय सदा मुझे पवित्र करो ॥ ८ ॥

दोनों ही तरह के दुःख देने वाले वेदनीय कर्म के पक्ष का जिन्होंने घात कर दिया है, स्वयं का प्राप्त कर लिया है शास्वत सुख जिनने, ऐसे बाधारहित गुणों के स्वामी देव अशरीर सिद्धनिकाय सदा मुझे पवित्र करो ॥ ९ ॥

१-२-इनका अर्थ ठीक-ठीक हमारी समझ में नहीं आ सका। ३-इस जयमालाके दूसरे आदि पद्यमें क्रमसे मोह ज्ञानावरण-दर्शनावरण-अन्तराय-नाम-आयु-गोत्र-और वेदनीय इन आठ कर्मोंके अभावसे प्राप्त गुणोंकी अपेक्षा सिद्धोंकी महिमाका वर्णन किया गया है।

अथ आशीर्वादः

दुष्टकर्म रूप पाश अर्थात् सांकल (जंजीर) को उखाड़ फेंकने वाले अर्थात् नष्ट करने वाले, मुक्तिरूपी क्रीडा से प्रसन्न रहने वाले अर्थात् मोक्ष सुख का अनुभव करने वाले, आत्मा के ज्ञान-दर्शन आदि श्रेष्ठ एवं स्वाभाविक गुणों में निवास करने वाले, चैतन्य रूपी सरोवर के राजहंस के समान, भक्ति में झुके हुए राजाओं के द्वारा संस्तुत अर्थात् बड़े-बड़े राजा-महाराजा शिर झुकाकर जिनकी स्तुति करते हैं, ऐसे सिद्ध भगवन्तों की श्री शुभचन्द्र जी अपनी श्रेष्ठ भक्तिपूर्वक वन्दना करते हैं ॥१० ॥



अथ पञ्चमपरिधौ अष्टविंशोत्तरकमलदलपूजा

(पञ्चम वलय पर एक सौ अट्ठाईस कमलदल पूजा)

पुष्पाञ्जलि एवं स्थापना प्रथम पूजा के समान ही है, अतः उन पद्यों के अर्थ प्रथम पूजा से देखें।

अथ द्रव्याष्टक

विधिपूर्वक बन्धूर पुष्प और केशर के सारवाली, निर्मल, शीतल और उत्तम जल की धारा से देवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥१ ॥

अत्यन्त सुगन्धित, निर्मल और प्रासुक केशर, कुङ्कुम और चन्दनों से देवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥२ ॥

मोतियों की समानता जिनमें निश्चित की गई है, ऐसे धुले हुए अक्षतों के उज्ज्वल पुञ्ज से देवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥३ ॥

स्वाभाविक रूप से उत्पन्न सुगन्ध से आनन्दित करने वाले चम्पक, कमल, और कुन्द के पुष्पों से देवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥४ ॥

अमृत के समान सम्पूर्ण लोक को प्रसन्न एवं तृप्त करने वाले श्रेष्ठ नैवेद्यों से देवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥५ ॥

चलायमान, श्रेष्ठ, चमकीला, शोभायमान और पापनाशक दीपकों के द्वारा देवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥६ ॥

करोड़ों भँवरों की इन्द्रियों के बन्धु अर्थात् भँवरों को आकर्षित करने वाले अगुरु और धूप से उत्पन्न सुगन्धि से देवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥७ ॥

देखने मात्र से सुखदायी, पके हुए और सुन्दर सुपारी, निम्बू, केला एवं नारियल आदि उत्तम फलों सेदेवेन्द्र और मनुष्यों से नमस्कृत एवं केवलज्ञान से सुशोभित सिद्ध परमात्मा की मैं पूजा करता हूँ ॥८ ॥

निर्मल चन्द्रमा के समान एव पुष्प-समूह के समान महान् सद्गुणों से सम्पन्न, आत्मानुभवरूप सुखसागर में मग्न सच्चे देव-शास्त्र-गुरु की मैं पूजा करता हूँ ॥९ ॥

जो ज्ञानावरणादि दोषों को बलपूर्वक आत्यन्तिक रूप से निर्मूल करके अर्थात् नष्ट करके, संसार रूपी महानदी को सुखाकर सम्यग्दर्शन आदि आत्मगुणों को प्राप्त हुए हैं, चक्रवर्ती और सुरेन्द्रों द्वारा जिनके चरण पूजित हैं, ऐसे सिद्ध परमात्मा सिद्धों की स्तुति से ज्ञानवृद्धि को प्राप्त करने वाले भक्तों का सदा कल्याण करें ॥१० ॥

अथ जयमाला

चिदानन्दस्वरूप, सुख के लीलास्थल, अखण्ड है स्वभाव जिनका, कर्मों के विजेता, सिद्धात्माओं के समूहरूप, विषादरहित, वीतराग, चक्र-पाखण्ड अथवा सांसारिक परिवर्तन से दूर सिद्धसमूह का मैं सदा अच्छी तरह स्तवन करता हूँ ॥ १ ॥

विशुद्ध है उदय जिनका, जो संसार के पार को प्राप्त हो चुके हैं, सम्यग्ज्ञान के निधान, उत्कृष्ट, निर्विकार, मायारहित, विभा-अलौकिक प्रभा को प्राप्त, उत्कृष्ट नेतृत्व के धारक संसाररहित सिद्धसमूह का मैं स्तवन करता हूँ ॥ २ ॥

आशय-संकल्पविकल्प से रहित, सूर्य के समान ज्ञान ही है नेत्र जिनका, मोहरहित, समतारूपी महान् अमृत ही है शरीर जिनका, अप्रमाण प्रभाव के धारक, दर्परहित, अशरीर सिद्धसमूह का मैं सदा स्तवन करता हूँ॥ ३ ॥

एकान्तरूप, मनोज्ञ, कलंकरहित, विद्वानों या कवियों के हृदय में स्थित, भले प्रकार सेव्य, विपाक अवस्था को प्राप्त, शंकारहित, अपार, काल-काय-काम औ संसारचक्र से रहित सिद्धसमूह का मैं सदा अच्छी तरह स्तवन करता हूँ॥ ४ ॥

तीन लोक में सर्वोत्कृष्ट है प्रभा जिनकी, ज्ञान की अपेक्षा जो विश्वरूप है, प्रकाशों के निवासस्थान, वर्णनरहित, विशिष्ट स्वरूप के धारक, सदा दर्शनमय, ध्येयरूप, संसाररहित सिद्ध-समूह का मैं सदा स्तवन करता हूँ॥ ५ ॥

मुनियों के लिए भी अगम्य, समीचीन उत्कृष्ट बोधरूप, कर दिया है अहंकार क्रोध और चिन्ता का निरोध जिन्होंने, अपार, जरा मृत्यु से रहित, संसार चक्र से दूर सिद्ध समूह का मैं सदा स्तवन करता हूँ॥ ६ ॥

अनन्त, विश्रामरूप, विकारों से रहित, छोड़ दिया है स्फुरायमान कामिनियों का रंग-राग जिनने, इच्छा और अपघात से रहित, उत्कृष्ट, संसाररहित सिद्धसमूह का मैं सदा स्तवन करता हूँ॥ ७ ॥



अत्यन्त दुष्ट अष्ट कर्मरूपी इन्धन के लिए अग्निसमान, सिद्ध कर लिया है गुणाष्टक को जिनने, चिद्गुण के धारक, चेतना का ही है विलास जिनमें, उदासीन-वीतराग, ईशान-परमेश्वर, परमात्मा, संसाररहित सिद्धसमूह का मैं सदा स्तवन करता हूँ ॥ ८ ॥

जन्मरहित, शास्वत, जरा रहित, देवों के भी देव, लोभरहित, की है अनेक भूपालों ने सेवा जिनकी, विकारों के समूह को जिन्होंने आहुति का विषय बना दिया है, संसार के पाश से रहित, विचक्र सिद्धचक्र का मैं सदा स्तवन करता हूँ ॥ ९ ॥

समस्त कामदेव के भेदों से रहित, दोषों के समूह का निरोध करने वाले, रसरहित, अवस्था से पूर्ण, कल्याणकारी, सारभूत, अजर-कभी जीर्ण न होने वाले, देवों के द्वारा वन्द्य, पंचपरमेष्ठियों प्रथम देव, मुनिसमूह के द्वारा सेव्य समीचीन देवरूप सिद्धचक्र का पद्मनन्दी आचार्य स्मरण करते हैं ॥ १० ॥

इस तरह कर्मरहित, संसार की बाधा को दूर करने वाले, नोकर्म द्रव्यकर्म और अशुभ भावकर्म से रहित, नवीन अवस्था को प्राप्त सिद्ध परमेष्ठी का जो ध्यान करता है वह समस्त अशुभ का परित्याग करके और सम्पूर्ण मांडलिक राजाओं तथा देवों के स्वामित्व को भले प्रकार भोग करके अमृतरूप शिवमय-कल्याणमय फल को प्राप्त हुआ करता है ॥ ११ ॥

जो ज्ञानावरणादि दोषों का बलपूर्वक और अच्छी तरह से निर्मूलन कर संसाररूपी नदी के शोषण करने वाले सम्यग्दर्शनादिक को प्राप्त हो चुके हैं, चक्रवर्तिप्रमुख अथवा सुरेन्द्रों के द्वारा पूजित हैं चरण जिनके, ऐसे सिद्ध भगवान् सिद्धस्तोत्र के द्वारा प्रकट हो गया है ज्ञानरूप तेज जिनका ऐसे भक्तात्माओं को मोक्षलक्ष्मी प्रदान करें ॥ १२ ॥

अथ षष्ठपरिधौ षट्पञ्चाशदुत्तर-द्विशत-कमलदलपूजा

(छठे वलय पर दो सौ छप्पन कमलदल पूजा)

पुष्पाञ्जलि एवं स्थापना प्रथम पूजा के समान ही है, अत: उन पद्यों के अर्थ प्रथम पूजा से देखें।

अथ द्रव्याष्टक

भँवरों के द्वारा जिसका पान किया गया है, ऐसे सुरभित पदार्थों से मिश्रित, स्वच्छ, साफ और पवित्र तथा इस सिद्धचक्र विधान रूप उत्तम पूजा के लिए तीर्थों से लाए गए जल के द्वारा सोने से बनी झारियों से शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥१ ॥

परम सुगन्धित कुङ्कुम के समूह से युक्त, अनेक प्रकार के सुगन्धित पदार्थों से सहित, शुभ्र कर्पूर से युक्त, भँवरों के समूह को आकर्षित करने वाले चन्दन के द्वारा शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥२ ॥

चन्द्रमा की किरणों के समान सुशोभित, निर्मल कान्ति वाले झाग के समूह के समान धवल, पूर्ण चन्द्रमा के समान उज्ज्वल अखण्डित उत्तम अक्षतों से शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥३ ॥

परम सुगन्धित तथा भँवरों को मोहित करने वाले कमल, मौलश्री, मालती, चमेली आदि तथा स्वर्गों के वृक्षों के समान अनेक प्रकार के पुष्पों से शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥४ ॥

धान्य से उत्पन्न हुए चन्द्रमा के समान धवल चावलों द्वारा मुलायम, सुन्दर एवं अच्छी तरह पकाए हुए खीर से एवं घी, मीठे से युक्त, सुन्दर और आकर्षक पकवानों द्वारा शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥५ ॥

सोने एवं मणि आदि रत्नों से बने हुए, नक्षत्रों की कान्ति को धारण करने वाले, पापरूप अन्धकार को नष्ट करने वाले तथा श्रेष्ठ ज्ञान को प्रकाशित करने वाले प्रज्वलित दीपों द्वारा आकर्षक आरती से शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥६ ॥

अगुरु, तगर आदि प्रासुक एवं शुद्ध कपूर तथा चन्दन आदि अनेक प्रकार के सुरभित द्रव्यों द्वारा निर्जरारूपी आनन्द को उत्पन्न करने वाली धूप को अग्नि में जलाकर शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥७ ॥

सुपारी, केथ, श्रीफल, केला, कटहल, बेर, नारियल, अनार आदि रसीले और सुगन्धित फलों से आत्मोपलब्धि-फल की प्राप्ति के लिए शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की मैं पूजा करता हूँ ॥८ ॥

उत्तम जल, फल, पुष्प, चन्दन, अक्षतसमूह एवं धवल पुष्पों द्वारा, रची गई पूजा द्वारा की गई भक्ति से मन-वचन-काय से उत्पन्न कर्मों को नष्ट करने का इच्छुक मैं शान्तस्वरूप निर्मल-दोषों से रहित सिद्ध समूह की पूजा करता हूँ ॥९ ॥

सभी प्रकार से अन्तरङ्ग और बहिरङ्ग हेतुओं को नष्ट करने से सम्यग्दर्शन को प्राप्त करने वाले, सभी उपसर्ग और परीषहों को सहने वाले, समस्त विकारी भावों का शमन करने वाले, इन्द्रिय और मन के संयमन पूर्वक उभयविध परिग्रह का त्याग करके जो निरन्तर शास्त्राभ्यास में तत्पर हैं, ऐसे योगी आत्मा में अपने निर्मल स्वरूप के ध्यान द्वारा सम्पूर्ण कर्मों का नाश करके शान्ति आदि उत्कृष्ट एवं शुभ गुणों से सुशोभित होने वाले सिद्ध परमेष्ठी मेरे मन में विराजमान हों ॥१० ॥

अथ जयमाला

मैं (पूज्यपाद आचार्य) उन सिद्धों के अनुपम गुण रूपी रस्सी से आकृष्ट हो सन्तुष्ट होता हुआ उसी सिद्धि की प्राप्ति के लिए उन सिद्धों की वन्दना करता हूँ, जिन्होंने कर्मप्रकृतियों के समूह को धो दिया है, जिन्होंने अपने-आत्म स्वभाव को प्राप्त कर लिया है। उत्कृष्ट गुण समूह को आच्छादित करने वाले दोषों के दूर हो जाने से अपने आत्मा की उपलब्धि होना सिद्धि कहलाती है। जिस प्रकार इस लोक में योग्य उपादान से सहित होने से स्वर्णपाषाण की सुवर्ण भाव से उपलब्धि होती है ॥ १ ॥

आत्मा का अभाव है, ऐसी सिद्धि इष्ट नहीं है। अपने गुणों का नाश उन तप आदि के द्वारा भी नहीं होता है, क्योंकि यह युक्ति से सिद्ध नहीं है। आत्मा है। वह अनादिकाल से बद्ध है। वह अपने कर्म से उत्पन्न फलों का भोक्ता है। उन कर्मों के क्षय से मोक्ष को प्राप्त होता है। वह आत्मा ज्ञान दर्शन स्वभाव वाला है। वह आत्मा अपने शरीर प्रमाण है। वह संकोच-विस्तार स्वभाव वाला है। वह ध्रौव्य, उत्पाद, व्यय रूप है। वह अपने गुणों से सहित है। इससे अन्य प्रकार से साध्य की सिद्धि नहीं है ॥ २ ॥

तथा वह आत्मा अन्तरङ्ग-बहिरङ्ग कारणों से उत्पन्न निर्मल-सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र की सम्पत्तिरूपी शस्त्र के तीव्र घात से पाप कर्मों के क्षय हो जाने से अचिन्त्य सार (फल) प्रकट होने

के साथ केवलज्ञान, केवलदर्शन, उत्कृष्टसुख, महाशक्ति, सम्यक्त्व, लब्धि, भामण्डल, चँवर आदि अद्भुत उत्कृष्ट गुणों से शोभायमान होता है ॥ ३ ॥

एक साथ समस्त पदार्थों को जानते देखते हुए, निरन्तर सुख से सन्तुष्ट होते हुए, विस्तार को प्राप्त करते हुए, अत्यन्त खचित मोह अन्धकार को दूर करते हुए, सम्पूर्ण सभा को प्रसन्न करते हुए, समस्त प्रजा का स्वामित्व करते हुए तथा अन्य प्रकाशमान पदार्थों की ज्योति को तिरस्कृत करते हुए निश्चय से आत्मा को आत्मा में ही अपनी आत्मा के द्वारा प्राप्त करते हुए, क्षण भर में वह आत्मा समीचीन स्वयम्भू हो जाता है। क्या करते हुए वह स्वयम्भू हुए हैं, यह कहते हैं ॥ ४ ॥

वह आत्मा शेष बची समस्त बेड़ी के समान बलवान कर्म प्रकृतियों को नष्ट करते हुए उस अनन्त स्वभाव के साथ क्षायिक सूक्ष्मत्व, अग्र्यावगाह, अगुरुलघु गुणों से एवं अन्य अवशिष्ट इतर कर्म प्रकृतियों के विनाश से स्वात्मा को प्राप्ति की महिमा के प्रभाव से शोभित होता है। ऊर्ध्वगमन स्वभाव से एक समय में लोक के अग्र स्थान पर स्थित हो जाता है ॥ ५ ॥

चूँकि वह सिद्ध भगवान् दूसरे किसी अन्य आकार की प्राप्ति में कारण नहीं होता है इसलिए वे कुछ कम पहले प्राप्त शरीर की प्रतिकृति रूप मनोहर आकार वाले ही होते हैं। वे निश्चय से अमूर्तिक होते हैं। भूख, प्यास, श्वास, खाँसी, ज्वर, मरण, बुढ़ापा, अनिष्ट, संयोग, तीव्र मोह, व्यापत्ति आदि उग्र दु:खों से उत्पन्न संसार का नाश हो जाने से इन सिद्ध भगवान् के सुख को जानने वाला कौन है ? अर्थात् कोई नहीं ॥ ६ ॥

इसलिए उन सिद्ध भगवान् का श्रेष्ठ सुख अपने आत्म उपादान से उत्पन्न हुआ है, स्वयं अतिशय वाला है, बाधा से रहित है, बहुत विस्तृत है, हीनाधिकता से रहित है, विषयों से रहित है, प्रतिपक्षी भाव से रहित है, अन्य द्रव्य की अपेक्षा नहीं रखने वाला है, उपमा रहित है, माप रहित है, स्थायी है, हमेशा रहने वाला, उत्कृष्ट-अनन्त सार वाला होता है। उनका सुख किन विशिष्टताओं वाला है, यह कहते हैं- ॥७॥

भूख प्यास का नाश हो जाने से अनेक प्रकार से रसों से युक्त भोजन-पानी का कोई प्रयोजन नहीं है। अशुचि से स्पर्श न होने से गन्धमाला से कोई अर्थ नहीं है। घृणा, निद्रा आदि का अभाव होने से कोमल शय्या से कोई प्रयोजन नहीं है। जिस प्रकार रोगजन्य पीड़ा का अभाव होने से उसे शान्त करने वाली अच्छी औषधि अप्रयोजन की तरह है। अन्धकार के मिट जाने पर समस्त पदार्थ दिखाई देने से दीपक भी निरर्थक के समान है। ॥८॥

जो उपर्युक्त सम्पत्ति से सहित हैं, जो अनेक प्रकार के नय, तप, संयम, ज्ञान, सम्यग्दर्शन और चारित्र से सिद्ध हुए हैं, जिनका यश सब ओर फैला है, जो समस्त देवों के भी देव हैं, जो भूतकाल में हो चुके हैं, जो भविष्य में होने योग्य हैं और जो वर्तमान में हो रहे हैं, समस्त संसार में जो विशिष्ट पुरुषों से स्तुति को प्राप्त हुए हैं, उन समस्त अनन्त सिद्धों को उनके स्वरूप को शीघ्र ही प्राप्त करने का इच्छुक मैं तीनों संध्याओं में नमस्कार करता हूँ ॥९॥

अथ आशीर्वादः

भक्तिभाव से सहित जो भव्यजीव चैतन्यरूप सिद्धचक्र की पूजा करता है, वह स्वर्गों के भोगों को भोगकर सिद्धों की संगति अर्थात् मोक्ष को प्राप्त करता है ॥१० ॥

अथ सप्तमपरिधौ द्वादशोत्तर-पञ्चशत-कमलदलपूजा

(सप्तम वलय पर पाँच सौ बारह कमलदल पूजा)

पुष्पाञ्जलि एवं स्थापना प्रथम पूजा के समान ही है, अतः उन पद्यों के अर्थ प्रथम पूजा से देखें।

अथ द्रव्याष्टक

चतुर्थ पूजा एवं सप्तमी पूजा एक ही है, अतः इस पूजा का अर्थ चतुर्थ पूजा से देखना चाहिए।

अथ जयमाला

देवेन्द्रों, नरेद्रों और भवनवासियों के अधिपतियों–असुरेद्रों के द्वारा जिनके चरण प्रतिदिन पूजे जाते हैं, ऐसे अर्हन् परमेष्ठी तथा अशरीर सिद्धपरमात्मा और आचार्य, उपाध्याय, साधु इस

तरह तीन प्रकार के मुनिवरों को जो कि दोषों के विनाश से महान्, अपने-अपने समीचीन गुणरूपी भूषणों से भूषित और दर्शन-ज्ञान-चारित्र आदि से युक्त हैं, नमस्कार करके मैं उनके गुणों की प्राप्ति के लिए उनका स्तवन करता हूँ ॥ १ ॥

अनन्त चतुष्टयरूप गुण जिनमें विलास कर रहे हैं, चार घातिया कर्मों का जाल जिन्होंने तोड़ दिया है, समस्त अतिशय आदि सद्गुणों से समृद्ध हैं, ऐसे हे अर्हन् जिन भगवन्! आप सदा जयवन्त रहें ॥ २ ॥

आठ कर्मरूपी शत्रुओं को जिन्होंने दूर कर दिया है, विश्व मात्र को देखने में उत्कृष्ट सूर्य के समान हैं, जो सबसे उत्तम आठ गुणों से पूर्ण हैं, ऐसे हे सिद्धदेव! आप जयवन्त रहें ॥ ३ ॥

पंचाचार का पालन करने में घोर, शिष्यों का अनुग्रह करने में वीर और स्थितिकल्प नामक दश गुणों का उपदेश करने वाले गुणों से समृद्ध हे आचार्य परमेष्ठिन्! आप सदा जयवन्त रहें ॥ ४ ॥

ग्यारह अंगों को जिन्होंने अपने कण्ठ का हार बना लिया है, जिन्होंने चतुर्दश पूर्वों का पार प्राप्त कर लिया है तथा समस्त श्रुतसमुद्ररूपी गुण से समृद्ध हैं, ऐसे हे उपाध्याय परमेष्ठिन्! आप सदा जयवन्त रहें ॥ ५ ॥

आरम्भ और परिग्रह से सर्वथा रहित, सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र में अनुरक्त, मूलगुण और उत्तरगुण रूप निधि से समृद्ध निरंतर प्रबुद्ध रहनेवाले हे साधु परमेष्ठिन्! आप सदा जयवन्त रहें ॥ ६ ॥

सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र और तपरूप आराधनाओं से युक्त और रत्नत्रय से पवित्र, व्यवहाररूप परम गुणों के भेदों से पूर्ण कर्मों को चूर्ण करने वाले हे मुनिवर! आप सदा जयवन्त रहें ॥ ७ ॥

समीचीन तप और रत्नत्रय से युक्त, संसारसमुद्र से तारने वाले इन पंच परमेष्ठियों का जो प्राणी नित्य ध्यान करते हैं, वे देवेन्द्र और नरेन्द्रपद को प्राप्त कर भद्र-समीचीन गुणों के साथ जन्मजरादि के दुःखों से रहित शिवपदको अन्त में प्राप्त किया करते हैं ॥ ८ ॥

अथ आशीर्वादः

दुष्टकर्म रूप पाश अर्थात् सांकल (जंजीर) को उखाड़ फेंकने वाले अर्थात् नष्ट करने वाले, मुक्तिरूपी क्रीडा से प्रसन्न रहने वाले अर्थात् मोक्ष सुख का अनुभव करने वाले, आत्मा के ज्ञान-दर्शन आदि श्रेष्ठ एवं स्वाभाविक गुणों में निवास करने वाले, चैतन्य रूपी सरोवर के राजहंस के समान, भक्ति में झुके हुए राजाओं के द्वारा संस्तुत अर्थात् बड़े-बड़े राजा-महाराजा शिर झुकाकर जिनकी स्तुति करते हैं, ऐसे सिद्ध भगवन्तों की श्री शुभचन्द्र जी अपनी श्रेष्ठ भक्तिपूर्वक वन्दना करते हैं ॥ ९ ॥

अथ अष्टमपरिधौ चतुर्विंशत्युत्तर-सहस्र-कमलदलपूजा

(अष्टम वलय पर एक हजार आठ कमलदल पूजा)

पुष्पाञ्जलि एवं स्थापना प्रथम पूजा के समान ही है, अतः उन पद्यों के अर्थ प्रथम पूजा से देखें।

अथ द्रव्याष्टक

जिन–वाक्यों के समान निर्दोष, गंगा नदी से लाए गए, समस्त जनों के पाप को धोने वाले उत्तम जल से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥१ ॥

प्रचुर सुगन्ध से सहित, कपूर और केशर से युक्त, सभी प्रकार के सुगन्धित द्रव्यों से मिले हुए चन्दन से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥२ ॥

धान्य से उत्पन्न, छिलका रहित, रजत के समान शुभ्र, सुगन्धित एवं अखण्डित चावलों से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥३ ॥

मँडराते हुए भँवरों के समूह से युक्त कमल पुष्पों द्वारा तथा लतामण्डप में उत्पन्न होने वाले श्रेष्ठ मौलश्री आदि उत्तम पुष्पों से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥४॥

रजत पर्वत के समान शुभ्र, शरत्कालीन कमल के समान सुन्दर, अमृत मिले हुए एवं पके हुए श्रेष्ठ नैवेद्यों से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥५॥

सूर्य के समान दीप्ति वाले, स्वर्ण के समान कान्ति वाले तथा जिनके द्वारा सूर्य एवं सूर्य के प्रकाश को तिरस्कृत करने वाला अन्धकार भी नष्ट कर दिया गया है, ऐसे द्वीपों से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥६॥

नासिका को प्रसन्न करने वाले एवं सुगन्धित द्रव्यों को मिलाकर बने हुए आकाश में व्याप्त तथा वायु को सुगन्धित करने वाले धूप से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥७॥

सुन्दर और स्वर्ण के समान वर्ण वाले केला, नारियल आदि अभी-अभी पके हुए एवं मन को प्रमुदित करने वाले फलों से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥८॥



उत्तम जल, फल, पुष्प, चन्दन, अक्षतसमूह एवं धवल पुष्पों द्वारा, रची गई पूजा द्वारा की गई भक्ति से मोक्षधाम में प्रविष्ट, आदि और अन्त से रहित सिद्धसमूह की एक हजार चौबीस (१०२४) बार पूजा करता हूँ ॥९ ॥

अथ जयमाला

मैं उनकी भक्तिपूर्वक पूजा-स्तुति करता हूँ, जो कि त्रिभुवन के पतियों-सुरेन्द्रों व असुरेन्द्रों के द्वारा पूज्य हैं, पुण्य और पाप दोनों ही से रहित हैं, कलुषता जिनकी नष्ट हो चुकी है, संसार पर्याय को जिन्होंने छेद डाला है, जगतीपतियों नरेन्द्रों के द्वारा जो सेव्य हैं, उत्तम कल्याणरूप समीचीनगुणों से युक्त और लोक के शिरोभाग पर प्रकाशमान हैं ॥ १ ॥

अपार संसार के जीवनरूप कर्मों से समस्त भेदों का विदारण करने में सिंहसमान, तीन लोक के शिखर पर विराजमान, पवित्र, विबुद्ध, महान्सुख में निमग्न तेज:स्वरूप सिद्धपरमेष्ठिन्! आप जयवन्त रहें ॥ २ ॥

कभी भी खण्डित न होने वाली चित्स्वरूप शांति के करण्ड-पिटारे, घनरूप अद्वितीय सर्वोत्कृष्ट शक्ति के पिंड, उत्पत्ति के भय से रहित, महासुख में मग्न, तेज:स्वरूप समृद्ध सिद्धदेव! आप जयवन्त रहें ॥ ३ ॥

सुर, असुर, मनुष्य और धरणीन्द्रों के द्वारा पूज्य, दुर्भरभावों से दूर, भले प्रकार पूज्य, सम्यक् केवलज्ञान-दर्शन से समृद्ध, महानसुख में निमग्न तेज:स्वरूप सिद्धभगवन्! आप जयवन्त रहें ॥४॥

दिन में दिखाई पड़ने वाले सूर्य और चन्द्रमा के समान या उससे भी अधिक विशुद्ध है विकाश जिनका, तेजोभार से भूषित, स्वभाव से ही स्थिर, क्रोधरहित होकर भी विपत्तिरूपी वृक्षों के कन्द-तने का उच्छेदन करने के लिए कुठार के समान, महान् सुख में निमग्न तेज:स्वरूप सिद्ध परमेष्ठिन्! आप जयवन्त रहें ॥५॥

जिनाधिप अर्हन्त के ज्ञान के द्वारा जिनके भाव का निरूपण किया गया है, अतिशय सूक्ष्मत्वगुण के स्वामी, नीरूप, शब्दरहित, बाधारहित, विकस्वर-दुष्प्राप्ति या थकावट के विरुद्ध, महान्सुख में निमग्न तेजोरूप सिद्ध भगवान्! आप जयवन्त रहें ॥६॥

विभिन्न तपश्चरणों के द्वारा भूषित हो चुका है योग जिनका, समाप्त हों गई हैं बाधाएँ जिनकी, वीतशोक, रोगरहित, महान्दु:खस्वरूप दावानल के लिए मेघके समान, महासुख में निमग्न तेजोरूप सिद्धदेव आप जयवन्त रहें ॥७॥

शास्वतिक कालकला में निवास करने वाले संसाररूप समुद्र को सुखा देने वाले शुद्ध, प्रकाशयुक्त, मन और इन्द्रियोंसे रहित, विशुद्ध महानसुख में निमग्न तेजोरूप सिद्ध भगवन्! आप जयवन्त रहें ॥८॥

अनादि और अनन्त पद में स्थित है रूप-आकृति जिनकी, रसादि से रहित, समस्त अन्य पदार्थों से पृथग्भूत, सब पदार्थों को विशेषरूप से प्रकाशित करने वाले अथवा सम्पूर्ण विभावभावों या दोषों को कम्पित कर देने वाले, जरा जीर्णता-वृद्धत्व आदि अवस्थाओं का दलन करनेवाले, विशुद्ध महासुख में निमग्न तेजोरूप, सिद्धदेव ! आप जयवन्त रहें ॥ ९ ॥

हे महेश-महान् ऐश्वर्ययुक्त, हे सुशंकर-समीचीन कल्याण के कर्त्ता, हे निर्जर-कभी जीर्ण न होनेवाले, हे शक-अनन्तशक्ति युक्त, हे मुनीन्द्र-मुनियों के नाथ, हे सुचन्द्र-भले प्रकार सबको चन्द्रमा के समान आह्लादित करनेवाले, हे सुभास्करचक्र-कोटिसूर्यसमान तेज के धारक, हे पराच्युतभाव-उत्कृष्ट और कभी भी च्युत न होनेवाले हैं भाव जिनके, हे अत्यन्तशीतल ज्ञानस्वरूप, महान् सुख में निमग्न तेजोरूप सिद्धपरमेष्ठिन् ! आप जयवन्त रहें ॥ १० ॥

इस तरह आत्मरस से पूर्णभावरूप, पुनरुत्पत्ति से रहित, प्राप्त कर लिया है कल्याणरूप समीचीन सार जिन्होंने, सम्पूर्ण मनुष्यों के द्वारा पूज्य तथा शुभचन्द्रादि के द्वारा सेव्य, ऐसे सिद्ध परमेष्ठियों के समूह का जो भव्य स्मरण करता है, वह समस्त अभ्युदयों को भोगकर अन्त में मुक्तिरूप समीचीन शान्ति को भी प्राप्त किया करता है ॥ ११ ॥



अथ आशीर्वादः

जो ज्ञानावरणादि दोषों का बलपूर्वक और अच्छी तरह से निर्मूलन कर संसाररूपी नदी के शोषण करने वाले सम्यग्दर्शनादिक को प्राप्त हो चुके हैं, चक्रवर्तिप्रमुख अथवा सुरेन्द्रों के द्वारा पूजित हैं चरण जिनके, ऐसे सिद्ध भगवान् सिद्धस्तोत्र के द्वारा प्रकट हो गया है ज्ञानरूप तेज जिनका ऐसे भक्तात्माओं को मोक्षलक्ष्मी प्रदान करें ॥ १२ ॥

श्री सिद्धचक्रविधान की प्रथमादि पूजाओं के अर्घ्य

प्रथम पूजा

शार्दूलविक्रीडितम्- गन्धाढ्यं सुपयोमधुव्रतगणैः सङ्गं वरं चन्दनं
पुष्पौघं विमलं सदक्षतचयं रम्यं चरुं दीपकम्।
धूपं गन्धयुतं ददामि विविधं श्रेष्ठं फलं लब्धये
सिद्धानां युगपत्क्रमाय विमलं सेनोत्तरं वाञ्छितम्॥

ॐ ह्रीं अनाहतपराक्रमाय सकलकर्मविप्रमुक्ताय सिद्धचक्राधिपतये श्रीसिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

द्वितीय पूजा

उपजातिः - दृग्ज्ञान-सम्यक्त्व-सुवीर्य-सूक्ष्मं
सद्गाह-सत्सप्तम-मव्यबाधम्।
विकर्मभावं कुसुमाञ्जलीभिस्-
तत्कर्म-दाहार्थ-मजं यजेऽहम्॥

ॐ ह्रीं अनाहतपराक्रमाय सकलकर्मविप्रमुक्ताय सिद्धचक्राधिपतये श्रीसिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

तृतीय पूजा

शार्दूलविक्रीडितम् - नेत्रोन्मील-विकाश-भावनिवहै-रत्यन्त-बोधाय वै
वार्गन्धाक्षत-पुष्पदाम-चरुकैः सद्दीपधूपैः फलैः।
यश्चिन्तामणि-शुद्धभाव-परम-ज्ञानात्मकै-रर्चयेत्
सिद्धः स्यात्तमगाध-बोध-ममलं सञ्चर्चयामो वयम्॥

ॐ ह्रीं अनाहतपराक्रमाय सकलकर्मविप्रमुक्ताय सिद्धचक्राधिपतये श्रीसिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

चतुर्थ पूजा

मालिनी - अभिनव-जलगन्धा-मन्द-मन्दारमाला-
ललित-ममल-मर्घ्यं सन्ददाम्यादरेण।
गणधर-वलयाय श्रीयुजे पद्मनन्दी
सुर-हरि-महितायाः प्राप्तये मुक्तिलक्ष्म्याः॥

ॐ ह्रीं इवीं श्रीं अर्हं अ सि आ उ सा अप्रतिचक्रे फट् विचक्राय झ्रौं झ्रौं नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

पञ्चमी पूजा

द्रुतविलम्बितम् - जिनवरागम-सद्गुरु-मुख्यकान्
प्रवियजे गुरु-सद्गुण-मुख्यकान्।
सुशुभ-चन्द्रतरान् कुसुमोत्करान्
समयसार-परान् सुखसागरे॥

ॐ ह्रीं स्वस्थान-माश्रिता-तीतानागत-सिद्धचक्राधिपतये श्रीसिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

षष्ठी पूजा

मालिनी - वर-जल-फल-पुष्पैश्चन्दनै-रक्षतौघैः
विरचित-कृत-भक्त्या शुक्ल-पुष्पाञ्जलीश्च।
मन-वचन-तनूत्था-कर्म-निर्मूलनेच्छुः
तमहमपि यजे शं निर्मलं सिद्धचक्रम्॥

ॐ ह्रीं चिरतर-संसार-कारणाज्ञान-निर्द्धूतोद्भूत-केवलज्ञानातिशय-सम्पन्न-सिद्धचक्राधिपतये श्री सिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।



सप्तमी पूजा

मालिनी - अभिनव-जलगन्धा-मन्द-मन्दारमाला-
ललित-ममल-मर्घ्यं सन्ददाम्यादरेण।
गणधर-वलयाय श्रीयुजे पद्मनन्दी
सुरहरि-महितायाः प्राप्तये मुक्तिलक्ष्म्याः॥

ॐ ह्रीं इवीं श्रीं अर्हं अ सि आ उ सा अप्रतिचक्रे फट् विचक्राय झ्रौं झ्रौं नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

अष्टमी पूजा

मालिनी - वर-जल-फल-पुष्पैश-चन्दनै-रक्षतौघै-
र्विरचित-कृतभक्त्या-युक्तपुष्पाञ्जलीभिः।
शिवसदन-निविष्टं नाद्यनन्तं प्रमुक्तं
दशशत-जिनवारं चर्चये सिद्धचक्रम्॥

ॐ ह्रीं सिद्धचक्राधिपतये श्रीसिद्धपरमेष्ठिने नमः अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।